


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 97 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 19 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### स्वास्थ्य विभाग के पास है कोरोना वैक्सीन का पांच दिन का स्टॉक

**शिमला।** स्वास्थ्य विभाग के पास कोविशील्ड वैक्सीन का पांच दिन का स्टॉक है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को 10 लाख के बजाय 60 हजार वैक्सीन की डोज दी हैं। प्रदेश में तीन लाख से ज्यादा लोगों को बूस्टर डोज लगाई जानी है। बुधवार से हिमाचल में बूस्टर डोज लगनी शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि सप्ताह के भीतर कोरोना की दूसरी खेप आने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग ने हर जिले को चार से पांच हजार के बीच डोज भेजी हैं। जिला कांगड़ा, मंडी, शिमला को पांच और इससे ज्यादा डोज दी गई हैं। सिरमौर, सोलन, चंबा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर आदि जिलों को करीब चार हजार वैक्सीन की सप्लाई हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अस्पताल प्रशासन से प्रतिदिन बूस्टर डोज लगाने का डाटा मांगा है। अगर किसी जिले में कम बूस्टर डोज लगाते हैं, ऐसी स्थिति में सप्लाई उन जिलों में भेजी जाएगी, जहां लोग वैक्सीन लगाने के लिए आगे आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक हेमराज बैरवा ने कहा कि हिमाचल में अभी पर्याप्त कोविशील्ड वैक्सीन की डोज हैं। अगर यह कम पड़ती हैं तो केंद्र सरकार से वैक्सीन जारी करने का आग्रह किया जाएगा।

### जलयुद्ध की तैयारी में चीन!

# सैन्य और कूटनीति में मिला करारा जवाब, भारत ने कसी कमर

**बीजिंग ( एजेंसी )।** कूटनीति और सैन्य नीति के मोर्च पर भारत से करारा जवाब मिलने के बाद चीन अब नई चाल चल रहा है। भारत के साथ वह 'जल युद्ध' लड़ने की तैयारी में है। चीन के रुख को भांपते हुए अब दिल्ली सरकार उसे इस चाल में भी मात देने की तैयारी में जुट गई है। भारत नहीं चाहता कि वह किसी भी मोर्चे पर चीन से कमजोर साबित हो, ऐसे में उसने अरुणाचल प्रदेश में चीन की नई चाल के खिलाफघेरेबंदी शुरू कर दी है।



भारत सरकार ने अरुणाचल के सुबानसिरी में चल रहे 11 हजार मेगावाट के हाईड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को फास्टट्रैक पर डाल दिया है। इसके अलावा उसने पहले से तीन स्थापित प्रोजेक्ट के विस्तार का काम भी शुरू कर दिया है।

### चीन को करारा जवाब देने की तैयारी

चीन को 'जल युद्ध' के मोर्चे पर भी करार जवाब देने के लिए भारत ने कमर कस ली है। अरुणाचल प्रदेश में डैम प्रोजेक्ट के काम को तेज कर दिया गया है, उधर 2000 मेगावाट वाला सुबंसीरी प्रोजेक्ट इस साल के मध्य में तैयार हो जाएगा। इसके आलवा अन्य हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट भी लाइन में हैं। ये प्रोजेक्ट एक साल तक पानी स्टोर कर सकते हैं। अगर चीन डैम के जरिए पानी छोड़ता है, तो उसे रोका भी जा जकता है।


### भारत के लिए ब्रह्मपुत्र नदी काफी अहम

बता दें, भारत के लिए ब्रह्मपुत्र नदी काफी अहम है। यह नदी का 30 प्रतिशत ताजे पानी का स्रोत है, तो 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन भी इसी से होता है। वहीं इस नदी का 50 फीसदी हिस्सा चीन में पड़ता है, जिस पर वह डैम बना रहा है।

### भारत को सूखे या बाढ़ से नुकसान पहुंचाना चाहता है चीन

चीन की नई चाल भारत के साथ 'जल युद्ध' लड़ने की है। वह भारत को सूखे या फिर बाढ़ से नुकसान पहुंचाना चाहता है। इसके लिए चीन अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास यारलुंग जैंगबो नदी (ब्रह्मपुत्र) पर 60 हजार मेगावाट का डैम बना रहा है, जिसने भारत की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों को चिंता है कि चीन इस डैम के जरिए ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट कर सकता है, या फिर पानी को छोड़कर भारत में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो अरुणाचल प्रदेश, असम, समेत कई राज्यों में समस्या उत्पन्न होगी, साथ ही बांग्लादेश पर भी असर पड़ेगा।

# उपलब्धिः थर्ड जेंडर के जीवन पर आधारित छत्तसीगढ़ की फिल्म किरण का स्टॉकहोम सिटी फिल्म फेस्टिवल में हुआ चयन







श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म का चयन स्वीडन के स्टॉकहोम सिटी फिल्म फेस्टिवल में किया गया है। किरण फिल्म जो कि थर्ड जेंडर के जीवन पर आधारित है, इसका चयन पहले जयपुर के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और ब्रिटेन के लिफ्ट ऑफफिल्म फेस्टिवल में भी हो चुका है। इस फिल्म का यह तीसरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल है जहां पर इस फिल्म को चयनित किया गया है।

इस संदर्भ में जब हमने इस फिल्म के निर्माता निर्देशक और अभिनेता अखिलेश पांडे से बात की तो उन्होंने बताया कि यह उनके लिए बड़ा हर्ष का विषय है कि उनकी फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। उनकी फिल्म का चयन इतने बड़े फेस्टिवल्स में लगातार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सामान्य छत्तीसगढ़ी फिल्मों से जरा हटकर है और इस फिल्म को बनाकर उन्होंने एक नए तरह का प्रयोग किया है।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि आने वाले समय में यह फिल्म और भी बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में चयनित हो सकती है और वह इस फिल्म के माध्यम से छत्तीसगढ़ी फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने अपनी संपूर्ण टीम को बधाई दी है। कहा है कि अगर सारी टीम के लोग एक साथ मिलकर काम नहीं करते तो यह फिल्म बनना संभव नहीं हो पाती। इसलिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

इस फिल्म के कार्यकारी निर्देशक मुंबई के सावन वर्मा है। कास्टिंग डायरेक्टर मनमोहन पात्रे, प्रोडक्शन मैनेजर अभिषेक गौतम और संपादन दरस विश्वकर्मा के द्वारा किया गया है। इस फिल्म की मुख्य भूमिका अखिलेश पांडे, संजय श्रीवास्तव, किरण सिंह, आरसी गुप्ता, आनंद तांबे, डॉक्टर आरती पांडे, संजय दुबे, डॉक्टर अरुण पटनायक, डॉक्टर नत्थू लाल पटेल, डॉ अंजू शुक्ला, दिनेश सिंह राजपूत, सोनू महंत, मनोज ठाकुर, सनी मनीष भटेजा, आराध्या सिन्हा, सोनल अग्रवाल, दिशा सिंह राजपूत, श्वेता दुबे, सोनम दुबे, अजय शर्मा, एस विश्वनाथ राव, दिनेश पांडे, रामअवतार निर्मलकर, सुमित दुआ, चंचल सलूजा, सुनील दत्त मिश्रा, शैलेंद्र तिवारी, भवर बंजारे, मोनू रजक आदि हैं।

# शराब के नशे में छत से गिरने से हुई युवक की मौत, मोहल्ले में उड़ गई हत्या की अफवाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कैंप-2 बिहारी मोहल्ला में बीती रात युवक शराब के नशे में छत से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना देर रात की बताई जा रही है। सुबह परिजनों ने खून से लथपथ लाश देखी तो हत्या की बात फैल गई। देखते ही देखते मोहल्ले वालों की भीड़ बढ़ गई। हत्या की सूचना मिलने के मौके पर छावनी पुलिस की टीम पहुंची। सीएसपी प्रभात कुमार व थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय भी मौके पर पहुंचे। कुछ घंटों की जांच और मुआयना करने के बाद यह बात पता चली कि युवक की हत्या नहीं बल्कि छत से गिरने से उसकी मौत हुई।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम सतीश चौधरी (25) देर रात वह पार्टी मनाकर अपना मामा के साथ घर लौटा था। बताया जा रहा है कि सतीश मोहल्ले में ही छट्टी की पार्टी में गया था। यहां पर उसने जमकर शराब पी और उसके बाद अपने मामा के साथ वापस लौटा। देर रात लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच वह घर लौटा। इसके बाद दोनों पहले माले में सोने के लिए चले गए। इसके बाद सुबह 6 बजे गलियारे में सतीश चौधरी की लाश देखी। उसके सिर से खून बह रहा था और इसे देखकर उसकी हत्या की अफ्वाह उड़ी और देखते ही देखते पूरे मोहल्ले में फैल गई। सूचना मिलने के सीएसपी छावनी प्रभात कुमार और थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय मौके पर पहुंचे। इसके बाद मामला खुला।

### यूरिन करने के दौरान गिरा छत से

जांच में पता चला है रात को मामा के साथ सोने गया सतीश देर रात यूरिन के लिए उठा। नशे में होने के कारण उसे अंदाजा नहीं हुआ और वह छत से गिर गया। गलियारे में सिर के बल गिरा और गहरी चौट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा एक और बात कही जा रही है कि मृतक छत पर अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब पी रहा था और इस दौरान यूरिन करने उठा और हादसे का शिकार हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल छावनी पुलिस घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही इस मामले को स्पष्ट किया जा सकेगा।

# रिसाली निगम की पहली सामान्य सभा, सभापति का अनुभव आया काम, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी पहुंचे





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रिसाली नगर निगम ने साल की पहली सामान्य सभा आज दोपहर करीब 12:30 बजे शुरू हुई और सभा के शुरू होने के बाद 1 घंटे के प्रश्नकाल में 31 में से 17 प्रश्न ही पूछे जा सके। सभा में 76 प्रस्ताव वित्तीय स्वीकृति के बाद केवल सूचनार्थ लाया गया। सभापति केशव बंछोर का पुराना अनुभव काफी काम आया और सभा को उन्होंने बेहतरीन ढंग से संचालित किया। इस मौके पर भाजपा पार्षदों ने प्रश्न पूछे और प्रश्नकाल के आखिरी समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। भाजपा पार्षद रमेश साहू के सवाल पर और पार्षद धर्मेंद्र भगत के प्रश्नों पर एमएससी प्रभारी सवालों के घेरे में नजर आए। यहां पर सबसे बड़ा हंगामा धर्मेन्द्र भगत की उस सवाल पर हुआ जिस पर भिलाई निगम में भी बवाल हुआ था सफाई एजेंसी पी वी रमन के ब्लैक लिस्ट होने के बाद भी काम दिए जाने को लेकर काफी हंगामा हुआ।

सामान्य सभा के दौरान प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि रिसाली निगम में सभी पार्षदों के बेहतर तालमेल से कामकाज संचालन हो रहा है। कहीं भी कोई ज्यादा हंगामा जैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने यह कहा कि सामान्य सभा के बेहतर संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। और यह पहला मौका है कि मैं सामान्य सभा में शामिल हुआ हूं। आप सभी पार्षदगण शहर के विकास के लिए अपना योगदान दें और सभी प्रस्तावों पर सहमति पर चर्चा करें।

# मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर जिले को दी 73 करोड़ के अनेक विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज खपरी में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के बाद क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इसके तहत् तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 40 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक राशि के 17 विकास कार्यों का लोकार्पण और 32 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक राशि के 24 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस तरह कुल 73 करोड़ 1 लाख 78 हजार रूपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए नर्मदा नदी पर निर्मित टिहुलाडीह एनीकेट, सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल तखतपुर का उन्नयन कार्य, तहसीलदार कार्यालय सकरी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-3 सड़क निर्माण सकरी से एन.एच. 130 परसदा व्हाया चिचिरदा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-3 एन.एच. 130 सम्बलपुरी से लाखासार व्हाया बहतराई, भुंडा से मंगला, भैसाझार सड़क निर्माण व्हाया भौहाकांपा, सकरी से डलडलीहापारा सड़क नवीनीकरण कार्य, खपरी-करगीरोड से साल्हेकापा सड़क नवीनीकरण कार्य, टी-02 मुरू से खरकेना सड़क नवीनीकरण कार्य, जिले के मोछ से मेड़पार मुख्य जिला मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, बिलासपुर के घुटकू पहुंच मार्ग का उन्नयन एवं डामरीकरण कार्य, बिलासपुर के भरनी मेनरोड मेला स्थल से परसदा की ओर मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के लिम्हा से फुलतराई मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के कोटा मेन रोड से पेंडारी मेन रोड तखतपुर तक मार्ग का निर्माण, बिलासपुर के बराही से चुलहट मार्ग का निर्माण और बिलासपुर के चोरमा से पकरिया मार्ग के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

# भूपेश ने आजमाया आयुर्वेद का फॉमूला

श्रीकंचनपथ




गांव और शहर से समान रूप से जुड़ा होने का बड़ा लाभ होता है. गांव वाला जानता है कि असली खुशी परिवार के साथ बैठकर भोजन करने, नींद पूरी कर सुबह उठने और खुशी-खुशी दिन भर का कामकाज निपटाने में है. इसमें उमंग है, संतुष्टि है, खुशहाली है. वरना बावरे मन का क्या? गांव वाले के पास पैसा होगा तो वह शहर भी जाएगा और खरीदारी भी करेगा. गांव वालों के हाथ में पैसा होगा तो छोटी-मोटी दुकानें भी चलेंगी और ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट जैसे व्यवसाय भी पनपेंगे. छत्तीसगढ़ की लगभग 77 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है. इसके मुकाबले गिनती के शहर हैं. गांव इस राज्य का पेट है जिसे ठीक करना जरूरी है. आयुर्वेद भी यही कहता है. 80 फीसदी रोगों की जड़ें पेट में छिपी होती हैं. पेट को स्वस्थ कर दो, बीमारियां जड़ से नष्ट हो जाएंगी. गांव में पैसा पहुंचेगा तो वह शहर तक भी अपने आप आ जाएगा. पिछले चार साल में सरकार ने यही किया है. 2017-18 में जहां 56.88 लाख टन धान की खरीदी की गई थी वहीं 2021-22 में 98 लाख टन धान की खरीदी की गई. 2018 में सरकार ने धान की खरीदी पर बोनस देना भी प्रारंभ कर दिया. इस बीच किसानों की संख्या भी बढ़ी. 2017-18 में जहां 1.19 लाख किसान पंजीकृत थे वहीं 2022-23 में पंजीकृत किसानों की संख्या 2.3 लाख थी. जारी वर्ष में यह संख्या बढ़कर 24.96 लाख हो गई है. जारी सीजन में सरकार अब तक 22 लाख से ज्यादा किसानों से एक करोड़ टन से भी ज्यादा धान खरीद चुकी है. इसके ऐवज में सरकार 21 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कर चुकी है. पिछले चार साल में सरकार ने किसानों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान अकेले धान के ऐवज में किया है. इसके अलावा गोधन न्याय योजना से पुष्ट होती आर्गेनिक खेती, उद्यानिकी आदि फुटकर व्यवसाय से किसानों को प्राप्त होने वाली आय अलग है. गांवों की खुशहाली से जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा है. 2020-21 में जीएसटी कलेक्शन 1,832 करोड़ रुपए था जो 2021-22 में 2,432 करोड़ तक जा पहुंचा. दरअसल, जो बात महात्मा गांधी से लेकर नोबल विजेता प्रो. अमर्त्य सेन और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह समझ चुके थे, उसे कभी ठीक से लागू नहीं किया जा सका. इसकी वजह शायद यह थी कि ये योजनाएं केन्द्र में बनती थीं जिसपर ठीक से अमल नहीं हो पाता था. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कह चुके थे कि गरीबों के लिए जारी पैसे का एक प्रतिशत भी उन तक नहीं पहुंचता. गांव वालों तक पैसा पहुंचाने का यह रास्ता किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खोज निकाला है. यही कारण है कि न केवल केन्द्र उनकी पीठ थपथपाता है बल्कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं. जाहिर है, जब मल्टी और सुपर स्पेशालिटी अस्पताल फेल हो जाते हैं तब काढ़ा ही काम आता है.



## संपादकीय

# स्कूली शिक्षा का हाल

शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर 2022) से मिले आंकड़े राहत और चुनौती, दोनों का एहसास कराते हैं। राहत की बात यह है कि भारत में महामारी के कहर के बाद शिक्षा का विकास और विस्तार फिर से शुरू हो गया है। हालांकि, चार साल बाद राष्ट्रीय स्तर पर हुए इस व्यापक सर्वेक्षण से एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है कि राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों की पढ़ने की बुनियादी क्षमता साल 2012 के पहले के स्तर तक गिर गई है। पिछले कुछ वर्षों में इसमें सुधार दिखने लगा था, लेकिन लगता है, महामारी ने गहरा असर दिखाया है। देश के अधिकांश राज्यों में सरकारी और निजी, दोनों तरह के स्कूलों में लड़कों के साथ ही लड़कियों की भी पढ़ने की क्षमता घटी है। सरकारी एवं निजी स्कूलों में कक्षा तीन के सिर्फ 20.5 प्रतिशत छात्र ही पढ़ सकते हैं, जबकि 2018 में 27.3 प्रतिशत छात्र पढ़ने में सक्षम थे। था। उत्तर भारत के राज्यों में ही नहीं, दक्षिण के अपेक्षाकृत विकसित राज्यों में भी गिरावट चिंता जगाती है। कक्षा पांचवीं की बात करें, तो साल 2018 में 50.5 प्रतिशत छात्र पढ़ने में सक्षम थे, पर 2022 में सक्षम छात्र 42.8 प्रतिशत हो गए हैं। साल 2018 की तुलना में बच्चों के बुनियादी अंकगणितीय स्तर में भी गिरावट आई है। कक्षा तीन के छात्रों के मामले में 2018 में 28.2 प्रतिशत की तुलना में राष्ट्रीय स्तर पर अनुपात अब 25.9 प्रतिशत हो गया है। यहां भी लगभग पूरे स्कूल स्तर पर गणितीय क्षमता को बनाए रखने के लिए स्कूलों में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। शिक्षकों के स्तर को सुधारना और मैथ या अंकगणित को ज्यादा व्यावहारिक बनाना जरूरी है। वैसे शिक्षाविद् यह पहले से ही मानकर चल रहे थे कि लॉकडाउन और ऑनलाइन कक्षाओं की वजह से छात्रों की पढ़ने-लिखने की क्षमता में कमी आएगी। बहरहाल, जो कमी साल 2022 में दिखी है, उसे साल 2023 में तेजी से दूर कर लेना चाहिए। शिक्षा की वार्षिक स्थिति की ताजा रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामांकन में काफी वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल 72.9 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों में जाते हैं। देश में निजी टूशन लेने वालों की संख्या भी बढ़ी है, मतलब ज्यादा नंबर लाने की होड़ तेज हुई है। साथ ही, यह भी देखना चाहिए कि क्या स्कूलों में पर्याप्त या संतोषजनक पढ़ाई हो रही है? टूशन लेने वाले स्कूली छात्रों की संख्या विगत चार वर्ष में 26.4 प्रतिशत से बढ़कर 30.5 प्रतिशत हो गई है। अध्ययन होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में निजी टूशन लेने वाले बच्चों का अनुपात क्यों बढ़ रहा है? कोई दोराय नहीं, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की रिपोर्ट से तमाम शिक्षा संस्थानों को मदद मिलती है। देश के 616 जिलों और 19,060 गांवों में हुए सर्वेक्षण ने 6,99,597 बच्चों की पढ़ाई-लिखाई को टटोला है। ऐसे सर्वेक्षण स्कूलों या कम से कम सभी बड़े स्कूलों को अपने स्तर पर भी करने चाहिए, ताकि छात्रों की कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। निजी स्कूलों की संख्या भले बढ़ रही हो, लेकिन सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ रहा है। सरकारों को अपने स्कूलों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि स्कूल न जाने वाली लड़कियों की संख्या चार प्रतिशत से घटकर दो प्रतिशत हो गई है। शिक्षा में जो कसर छूट जा रही है, उसे जल्दी दूर करने में ही सबकी भलाई है।

> “ कक्षा पांचवीं की बात करें, तो साल 2018 में 50.5 प्रतिशत छात्र पढ़ने में सक्षम थे, पर 2022 में सक्षम छात्र 42.8 प्रतिशत हो गए हैं। साल 2018 की तुलना में बच्चों के बुनियादी अंकगणितीय स्तर में भी गिरावट आई है। कक्षा तीन के छात्रों के मामले में 2018 में 28.2 प्रतिशत की तुलना में राष्ट्रीय स्तर पर अनुपात अब 25.9 प्रतिशत हो गया है। यहां भी लगभग पूरे स्कूल स्तर पर गणितीय क्षमता को बनाए रखने के लिए स्कूलों में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। शिक्षकों के स्तर को सुधारना और मैथ या अंकगणित को ज्यादा व्यावहारिक बनाना जरूरी है।

## धर्मपरायणता की परीक्षा

युधिष्ठिर राजसूय यज्ञ कर रहे थे। राजा से लेकर दरबारी तक, सब इसे देखने पहुंचे थे। श्रीकृष्ण भी वहां उपस्थित थे। अचानक एक नेवला यज्ञ-भूमि में प्रवेश कर गया। वह एक असामान्य नेवला था। उसका आधा शरीर सुनहरा और आधा सामान्य नेवले सा था। वह इधर-उधर लुढ़कने लगा और अपने शरीर के एक-एक अंग को वहां की मिट्टी में रगड़ने लगा। लोग चकित थे, नेवला क्या कर रहा है? अचानक वह खड़ा हुआ और चिल्लाया, 'बेकार! बिल्कुल बेकार है यह यज्ञ। उस यज्ञ की तुलना में यह कुछ भी नहीं, जिसमें मुझे भाग लेने का सौभाग्य मिला था। इतना कह वह वहां से चला गया। उपस्थित लोग इतने चकित थे कि यह क्या हुआ? लोगों ने श्रीकृष्ण की ओर जिज्ञासा से देखा। तब भगवान ने कहा, बहुत पहले एक धर्मपरायण परिवार की परीक्षा लेने की मुझे इच्छा हुई। उस परिवार में पिता-माता, पुत्र और पुत्रवधू शामिल थे। पिता बाहर जाकर भिक्षाटन करते और जो कुछ मिलता, पूरा परिवार उसे बांट लेता। अचानक इलाके में अकाल पड़ गया। कई दिनों तक पिता को भिक्षा में कुछ न मिला। एक दिन, जब यह निश्चित था कि अगर आज कुछ न मिला, तो पूरा परिवार भूख से मर जाएगा, पिता को मुट्ठी भर दाने मिल गए। घर लौटने पर उन्होंने पत्नी से कहा, ये अन्न हममें से किसी के लिए पर्याप्त नहीं। पर इसे पकाकर चार भागों में बांट दो। नहीं तो मैं भूख के कारण अधिक खा जाऊंगा और तुम स्वेच्छा से दूसरों के हिस्से भी मुझे दे दोगी! तभी मैं वृद्ध ब्राह्मण बनकर उस परिवार के पास पहुंचा और अपनी भूख मिटाने की प्रार्थना की। मुझे तृप्त करने के लिए परिवार के प्रत्येक सदस्य एक-दूसरे की खातिर त्याग करते हुए अपने-अपने हिस्से मुझे प्रस्तुत करते गए। यह उनकी सर्वश्रेष्ठ आहुति थी। मैं उन्हें कल्याण का आशीर्वाद देकर चला आया। मेरे जाने के कुछ समय बाद उस धर्मपरायण परिवार के सभी सदस्य भूख से मर गए। उसी घर में यह नेवला रहता था। उसने इस महान बलिदान, इस महान यज्ञ को देखा और अभिभूत होकर वहां की मिट्टी में लोट गया। उसके शरीर के जिन अंगों का फर्श पर पड़े अन्न-कणों से स्पर्श हुआ, वे सब स्वर्णिम हो गए। तब से जब भी उसे किसी महान यज्ञ का समाचार मिलता है, तो यह अवश्य वहां पहुंचता है और अपने शरीर को वहां की धरती पर रगड़ता है, ताकि इसका आधा शरीर भी सुनहरा हो जाए। लेकिन अभी तक उसके साथ ऐसाकुछ नहीं हुआ है। वैसा महान यज्ञ ही नहीं मिला। स्पष्ट है, यज्ञ आडंबर नहीं, सर्वस्व समर्पण है। ऐसा समर्पित धार्मिक ही ईश्वरीय परीक्षा का सुपात्र बन यशभागी बनता है। त्याग सबसे बड़ी आहुति है।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

> “ लालकृष्ण आडवाणी और अमित शाह के बाद जेपी नड्डा भारतीय जनता पार्टी के तीसरे ऐसे अध्यक्ष हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद संभालने का मौका मिला है।

# बढ़ती चुनौतियां और जीत का इरादा

विजय त्रिवेदी



भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी दिया ही था कि चौबीस घंटे के भीतर ही चुनाव आयोग ने उन्हें इसे परखने और अमल में लाने का मौका दे दिया। आयोग ने तीन राज्यों- मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा के चुनावों का एलान कर दिया, जो फरवरी में होंगे। त्रिपुरा में इस वक्त भाजपा की सरकार है और पार्टी ने चुनावों की घोषणा से पहले ही अपना मुख्यमंत्री बदल दिया है, जबकि मेघालय व नगालैंड में सहयोगी दलों के साथ उसकी सरकार है।

लोकसभा के नजरिये से तो यहां सिर्फ पांच सीटें हैं, मगर भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर का राजनीतिक नक्शा पूरी तरह बदल दिया है, खासतौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके संगठन यहां काम कर रहे थे। पूर्वोत्तर और दूसरे राज्यों में भाजपा ने अब स्थानीय नेतृत्व को तरजीह देने का फैसला किया है। इन तीनों चुनावों में उतरते वक्त भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में दिए गए इस मंत्र को खासतौर से ध्यान में रखना होगा कि हमें अपनी जीत को लेकर आत्ममुग्ध और अति-विश्वासी नहीं होना है, सक्रिय रहना है। कोई यह न समझे कि मोदी आएगा और जीत दिला देगा। हमें इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा। राजस्थान और छत्तीसगढ़ के पिछले विधानसभा चुनावों के नतीजों की याद दिलाते हुए मोदी ने कहा कि पिछली बार हम अति-आत्मविश्वास के कारण हार गए थे। इस बार इससे बचना होगा। मेहनत करनी होगी और लोगों के बीच रहना है। पूर्वोत्तर के राज्यों को ध्यान में रखते हुए ही शायद यह मंत्र दिया गया कि अब कार्यकर्ताओं को यूनिवर्सिटीज और चर्च में भी जाना चाहिए।

संघ प्रमुख मोहन भागवत के मुसलमानों पर बयान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पसमांदा मुसलमानों और बोहरा समुदाय पर फोकस करने के साथ-साथ इस बात पर भी जोर दिया कि मुसलमानों के खिलाफ बेवजह की बयानबाजी से बचना चाहिए। सभी धर्मों और जातियों को साथ लेकर चलें और अमर्यादित बयानबाजी से बचें। कांग्रेस के एक मित्र ने कहा कि भाजपा हर बार चुनाव इसलिए जीत जाती है, क्योंकि उसकी चुनावी थाली में बुफे है, यानी हर आदमी की पसंद के हिसाब से नारे या वादे और नेता भी हैं, जबकि कांग्रेस की थाली में फिलहाल न तो कुछ दिखाई दे रहा है और न ही कुछ बेहतर पक रहा है, तो फिर कोई मतदाता क्यों उसे पसंद करेगा? वैसे भी, हिन्दुस्तानियों को भरपूर थाली पसंद आती है, भले ही उससे पेट खराब हो जाए।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से पहले पसमांदा मुसलमानों पर फोकस की वजह को समझ लेना चाहिए। सीएसडीएस-लोकनीति सर्वे की मानें, तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में आठ फीसदी पसमांदा मुस्लिमों ने भाजपा को वोट दिया है। उत्तर प्रदेश में 16 फीसदी पसमांदा मुसलमान हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जीते 34 मुस्लिम विधायकों में से 30 पसमांदा हैं। इसे समझते हुए भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सबसे पहले योगी सरकार में उच्च जाति के मंत्री मोहसिन रजा को हटाकर पसमांदा दानिश अली अंसारी को मंत्री बना दिया। पिछले साल जुलाई में हैदराबाद में भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों के लिए स्नेह यात्रा शुरू कर दी, जिसके माध्यम से वह उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी उन्हें अपने साथ लेने में जुट गई है। इन पांच राज्यों में से दो में भाजपा की, जबकि तीन में गैर-भाजपा सरकारें चल रही हैं। इन पांच राज्यों में कुल 190 से ज्यादा लोकसभा सीटें हैं, साथ ही असम में 34 फीसदी, पश्चिम बंगाल में 27 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 19 फीसदी, बिहार में करीब 17 फीसदी और झारखंड में 14 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है। सच्चर कमीशन ने पसमांदा मुसलमानों को दलित की सूची में शामिल करने का सुझाव दिया था। मौजूदा लोकसभा में 27 मुस्लिम सांसद हैं।

वैसे भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी पूरी तरह चुनाव केंद्रित रही। पार्टी ने जगत प्रकाश नड्डा को लोकसभा चुनावों तक अध्यक्ष बने रहने की मंजूरी दे दी। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखा। विनम्र और मृदुभाषी नड्डा अपनी मुस्कराहट के साथ सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करते हैं, तो इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि असल नेतृत्व नरेंद्र मोदी का ही है। नड्डा ने भाजपा को 160 से ज्यादा कमजोर सीटों पर फोकस करने की सलाह दी है। साथ ही, देश भर में 75 हजार बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता को ज्यादा काम करने पर जोर दिया है और इस बार नारा है- हर बूथ मजबूत। इससे पहले अमित शाह ने पन्ना प्रमुख योजना से पार्टी को चुनावी ताकत दी थी। लालकृष्ण आडवाणी और अमित शाह के बाद नड्डा भाजपा के ऐसे तीसरे अध्यक्ष हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने का मौका मिला है। जम्मू-कश्मीर समेत इस साल होने वाले दस राज्यों और फिर अगले साल लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व में पार्टी को लड़ने हैं। नड्डा ने कहा कि हमें हर चुनाव को जीतना है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ को कांग्रेस से वापस लेना और कर्नाटक व मध्य प्रदेश को खोने नहीं देना उनके लिए प्रमुख चुनौती है। भाजपा का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ गया है कि 2017 में जिस गुजरात में वह मुश्किल से अपनी सरकार बचा पाई थी, वहीं 2022 में उसने गुजरात के चुनावी इतिहास के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। देश के संसदीय इतिहास में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस ने राजीव गांधी के नेतृत्व में 400 से ज्यादा सीटें जीती थीं, इसलिए भाजपा ने लक्ष्य रखा है - इस बार 400 पार।

अभी भाजपा अपने एजेंडा से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की भी तैयारी कर रही है। देश में विकास का दावा तो किया जा रहा है, मगर हाल में आई ऑक्सफैम की रिपोर्ट कुछ सवाल जरूर खड़े करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अमीर व गरीब के बीच खाई गहरी होती जा रही है। भारत में सिर्फ एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 फीसदी संपत्ति है, वहीं 50 फीसदी आबादी के पास संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है। गरीबों और मध्य वर्ग से सरकार ज्यादा टैक्स वसूल रही है। 2021-22 में जीएसटी का 64 फीसदी हिस्सा इसी 50 फीसदी आबादी ने जमा किया, जबकि देश के दस फीसदी अमीर लोगों से जीएसटी का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा मिला। ऐसी तमाम चर्चाओं का जवाब देते हुए भाजपा को आगे बढ़ना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# क्या आबादी में चीन से आगे निकल चुका है भारत

मनु गौड़, जनसंख्या विशेषज्ञ



आज जब 'वर्ल्ड पॉप्यूलेशन रिव्यू' की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि चीन को पछाड़कर भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, तब मुझे 2019 की संयुक्त राष्ट्र की वह रिपोर्ट याद हो आई, जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2027 में भारत जनसंख्या के मामले में चीन से आगे निकल जाएगा। मगर साल 2022 में अपने इस आकलन को संशोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भारत 2023 में ही चीन से आगे निकल जाएगा। चीन की विसकॉन्सिन यूनिवर्सिटी के एक शोधकर्ता ने दावा किया कि भारत वर्ष 2014 में ही चीन को पीछे छोड़ चुका है, जिसका समर्थन चीन के अन्य जनसांख्यिक विशेषज्ञों ने भी किया। वर्ष 2017 में चीन के एक विश्वविद्यालय के शोध में बताया गया था कि भारत की जनसंख्या अभी ही चीन से अधिक है। इसी के मद्देनजर हमने सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जारी आंकड़ों का अध्ययन किया, तो पता चला कि भारत में जनसंख्या-संबंधी आंकड़ों में बहुत विरोधाभास है।

यदि हम भारत की जन्म और मृत्यु दर के आंकड़ों की बात करें, तो देश में हर साल लगभग 2.4 करोड़ बच्चों का जन्म होता है, जबकि सालाना करीब एक करोड़ लोगों की मृत्यु होती है। यानी, हर साल जनसंख्या में लगभग 1.4 करोड़ की वृद्धि हो रही है। यह जनसंख्या वृद्धि के साथ निरंतर बढ़ती ही जाएगी। जबकि, बताया गया कि 11 मई, 2000 को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भारत के 100 करोड़वें बच्चे ने जन्म लिया था, जिसके एक वर्ष बाद 2001 की जनगणना में भारत की जनसंख्या 102 करोड़ थी। वर्ष 2000 में 100 करोड़ की आबादी 22 वर्षों में बढ़कर सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 142 करोड़ हो चुकी है। इसका मतलब है, लगभग दो करोड़ की प्रतिवर्ष वृद्धि। यह आंकड़ा वर्तमान जन्म दर और मृत्यु दर के आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष हो रही जनसंख्या वृद्धि से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता।

दूसरा अध्ययन आधार कार्ड से जुड़ा है। यदि हम भारत में 2017 तक बने आधार कार्डों का अध्ययन करें, तो स्थिति और बिगड़ी हुई प्रतीत होती है। आधार की आधिकारिक वेबसाइट से एकत्रित आंकड़े बताते हैं कि 30 जून, 2018 तक भारत की अनुमानित जनसंख्या 1,33,56,10,250 थी। मगर यदि तब तक बने कुल आधार कार्ड 1,22,12,49,465, सभी आयु-वर्ग के आधार कार्ड बनने से बची जनसंख्या 14,69,17,160, सिर्फ18 वर्ष से कम आयु के आधार कार्ड बनने से बची जनसंख्या 14,34,55,416 और 18 वर्ष से अधिक आयु के आधार कार्ड बनने से बची आबादी 2,56,31,986, कई राज्यों की जहां तब तक 100 प्रतिशत आधार कार्ड नहीं बने, की बची हुई 70,99,69,104 जनसंख्या में से 3.63 प्रतिशत और आधार कार्ड बनने वाली जनसंख्या 2,57,71,878 का हम अध्ययन करें, तो इसका सीधा-सीधा अर्थ है कि भारत आबादी की दृष्टि से साल 2017 में ही चीन को पीछे छोड़ चुका था। अपने शोध में हमने यह भी पाया कि 2011 की जनगणना में कुल विवाहित महिलाओं की संख्या 33,96,21,277 थी, जिनमें से 18,19,74,153 के दो या दो से कम बच्चे थे। जबकि 70 वर्षों से चले आ रहे परिवार नियोजन कार्यक्रमों और इन पर करदाताओं के करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी 15,76,47,124 महिलाओं के दो से ज्यादा बच्चे थे। ऐसे में, अंदाज लगाया जा सकता है कि 2011 से अब तक देश में कितनी आबादी बढ़ गई होगी। लिहाजा, हमें जनसंख्या-नियंत्रण के विशेष प्रयास करने ही होंगे।

बढ़ती जनसंख्या के कारण राष्ट्र सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक दृष्टि से असंतुलित हो रहा है। गरीबी, बेरोजगारी, प्रदूषण, मिलावट, अपराध जैसी समस्याएं अनवरत बढ़ती जा रही हैं। सिर्फ जागरूकता के सहारे हम इस भयावह स्थिति से मुकाबला नहीं कर सकते। इसके लिए हमें कानूनी प्रावधान भी लाना होगा। अनुमान है कि अगले 35 वर्षों में 90 करोड़ बच्चों का जन्म होगा और 35 करोड़ की मृत्यु। इसका यह भी मतलब है कि अगले 35 वर्षों में हमारी जनसंख्या करीब 200 करोड़ होने जा रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पाकिस्तान पर तालिबानी खतरा

अवधेश कुमार

हममें से शायद कइयों को यह दूर की कौड़ी लगे, लेकिन अफगानिस्तान की तरह पाकिस्तान में तालिबानों के वर्चस्व का प्रत्यक्ष खतरा दिखने लगा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी अफगानिस्तान को केंद्र बनाकर सत्ता पर कब्जा करने की जंग छेड़ चुका है। उसने बलूचिस्तान, वजीरिस्तान आदि में अपनी समानांतर सरकारें गठित कर इसकी घोषणा भी कर दी है। टीटीपी को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ चुका है। अफगानिस्तान के उप प्रधानमंत्री तालिबानी अहमद यासिर ने ट्विटर पर 1971 में भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के आत्मसमर्पण की ऐतिहासिक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि पाकिस्तान ने उन पर हमला किया तो उसे ऐसी ही शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ेगा। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने तालिबान को धमकी दिया था कि टीटीपी ने उनके देश पर हमले नहीं रोके तो पाकिस्तानी फौज अफगानिस्तान में घुसकर उन आतंकवादियों के ठिकानों को खत्म करेगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी अफगानिस्तान सरकार को कहा कि टीटीपी पर लगाम लगाएं। अगर वह इसमें विफल रहते हैं तो आतंकवादियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी। इसकी प्रतिक्रिया में ही राणा सनाउल्ला ने यह ट्वीट किया है। इस एक उदाहरण से समझा जा सकता है कि पाकिस्तान इस समय टीटीपी के खतरे को लेकर किस स्थिति से गुजर रहा है। दरअसल, जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा करना शुरू किया तो पाकिस्तान ने हर तरीके से न केवल उसकी मदद की, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इमरान खान और उनके साथियों ने उनका पूरी तरह बचाव किया। उनको लगता था कि तालिबान के शासन स्थापित होने के बाद वे पहले की तरह फिर से एक उपनिवेश की भांति इसका उपयोग करेंगे और भारत जैसे देश के लिए परेशानियां बढ़ेगी। पाकिस्तान ने तालिबान से अपने संबंधों का उपयोग कर चीन के लिए वहां काम करने के आधार भी तैयार किए। किंतु तालिबान ने सत्ता पर आने के साथ धीरे-धीरे स्वतंत्र स्वायत्त व्यवहार करना शुरू किया और इस समय वे सबसे बड़े दुश्मन और सिरदर्द किसी के लिए बने हुए हैं तो वह पाकिस्तान है। तालिबान ने केवल जिहादी आतंकवादी गुटों को शरण देना आरंभ किया बल्कि धीरे-धीरे उनकी सारी नीतियां 2001 तक उनके शासन की स्थिति में लौट रही है। सामान्य तौर पर पाकिस्तान को इससे कोई समस्या नहीं हो सकती थी, क्योंकि वह ऐसा चाहते भी थे। हां, दुनिया के लिए अवश्य चिंता का विषय है। अमेरिका के साथ तालिबान ने दोहा में जो समझौता किया था, उसमें माना था कि अलकायदा जैसे आतंकवादी गुटों को प्रश्रय नहीं देगा। भारत ने उस समय भी अमेरिका और दूसरे देशों को आगाह किया था कि तालिबान पर इस तरह भरोसा न करें। वहां इस समय न केवल अलकायदा की प्रकट मौजूदगी दिखी है, बल्कि इस्लामी स्टेट के साथ-साथ अनेक आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें टीटीपी भी शामिल है।

टीटीपी अफगानिस्तान में प्राप्त प्रश्रय एवं सहयोग के कारण पाकिस्तान में जाकर हमले करता है और वापस आ जाता है। टीटीपी पाकिस्तान के फाटा यानी संघ शासित जनजातीय क्षेत्र पर अपना प्रभुत्व कायम कर चुका है और स्वात घाटी कभी भी उसके नियंत्रण में आ सकता है। टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना के साथ शांति संधि को पहले से तोड़ना आरंभ कर दिया था। वास्तव में आज शांति संधि केवल कागजों पर है और टीटीपी से पाकिस्तानी सेना का सीधा युद्ध चल रहा है।

## डॉ. मुखर्जी की जनता से अपील

परसों कलकत्ता में 'हिन्दुस्तान नेशनल गार्ड्स' के एक समारोह में भाषण करते हुए उद्योग तथा रसद मन्त्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनता से अपील की कि भारत को दुनिया का एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए वह केन्द्रीय तथा प्रान्तीय सरकारों को यथासम्भव सहायता तथा सहयोग प्रदान करे। देश के विभाजन तथा उसके बाद की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा कि यद्यपि राजनीतिक रूप में हम स्वतन्त्र हो गये हैं किन्तु हमें एक भारी जिम्मेदारी उठानी है। शासन प्रबन्ध लोकप्रिय सरकारों के हाथों में है और संचालन नेताओं द्वारा हो रहा है। मुस्लिम लीग तथा हिन्दू महासभा जैसी संस्थाओं को समाप्त करने के बारे में सुझाव रखे गये हैं। लेकिन यह भारत सरकार की नीति नहीं जिसका कि मैं एक मन्त्री हूं। हिन्दू महासभा तथा लीग को एक ही दृष्टि से देखना गलती करना है। लीग ने भारत का विभाजन करवाया और वह केवल मुसलमानों का साम्प्रदायिक राज्य चाहती है। इसके विपरीत महासभा सबके लिए लोकतन्त्रात्मक विधान चाहती है। इस दृष्टि से उसे प्रतिगामी साम्प्रदायिक संस्था नहीं कहा जा सकता। मौजूदा समय हमारे इतिहास में सबसे अधिक संकट का काल है। स्वतन्त्रता मिल गई है किन्तु भारत अभी तक अव्यवस्थित स्थिति में है। अभी विभिन्न राजनीतिक दलों की लड़ाई के लिए गुंजाइश नहीं। हम सबको मिल-जुल कर भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाना चाहिए। पूर्वी बंगाल के अल्पसंख्यकों का उल्लेख करते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल तथा रक्षा मन्त्री, सभी इस बात के लिए बहुत चिन्तित हैं कि पूर्वी बंगाल के अल्पसंख्यक सुरक्षित रह सकें। मुझे आशा है कि पूर्वी बंगाल बहुत समय तक भारतीय संघ के बाहर न रहेगा। जब मौजूदा उत्तेजना समाप्त हो जायेगी तो पूर्वी बंगाल की जनता अनुभव कर लेगी कि वह भारतीय संघ से दूर नहीं रह सकती। रूसी राजदूत द्वारा प्रमाणपत्र पेश- नई दिल्ली, 2 जनवरी। भारत के लिए नियुक्त रूस के राजदूत एम. नोविकोव ने गुरुवार को नई दिल्ली में लार्ड माउण्टबेटन के सम्मुख अपना प्रमाणपत्र पेश किया। वैदेशिक विभाग के प्रधान सेक्रेटरी गिरिजा शंकर वाजपेयी ने उनका परिचय कराया।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



# पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित किताब 'एक्जाम वारियर्स' का राज्यपाल ने विमोचन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजभवन में स्कूली बच्चों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित किताब "एक्जाम वारियर्स" का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए किताब के महत्वपूर्ण बिन्दुओं तथा इसके मूल विषय-वस्तु के बारे में रोचक ढंग से बताया। राज्यपाल ने कहा कि किताब में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए भी 34 मंत्र दिये गये हैं, जो परीक्षा के समय होने वाले भय और तनाव के प्रबंधन में सहायक होंगे।



उन्होंने कहा कि जब हम अनावश्यक तनाव लेते हैं तो काम बिगड़ते हैं। इसी प्रकार जब विद्यार्थी परीक्षा के दौरान तनाव लेते हैं, तो आसानी से हल होने वाले सवालों में भी अटक जाते हैं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री जी के संदेश वॉरियर बने, वरियर नहीं, के महत्व को भी बच्चों को समझाया और तनाव मुक्त रहने को कहा। अपने विद्यार्थी जीवन का अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने परीक्षा के दौरान अपनी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने वांछित सफलता न मिलने पर भी बच्चों को दोगुना उत्साह के साथ परिश्रम कर आगे बढ़ने को कहा।

उन्होंने मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया और अभिभावकों को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करने की सीख दी। राज्यपाल ने किताब में अभिभावकों के संबंध में कही गई बातों को उद्धृत करते हुए कहा कि बच्चों को अपने रूचि के अनुरूप कैरियर का चुनाव करने दें और अभिभावक अपनी पसंद बच्चों पर न थोपें।

राज्यपाल ने इस मौके पर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और शिक्षकों को किताब की एक प्रति भेंट करते हुए इसमें परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं से बच्चों को अवगत कराने को कहा।

इस मौके पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शहीद स्मारक, रायपुर से आये बच्चों ने राज्यपाल से परीक्षा तथा उनके व्यक्तिगत जीवन के अनुभव और राज्यपाल बनने तक के सफर से जुड़े सवाल पूछे। राज्यपाल ने बच्चों की जिज्ञासाओं को दूर किया और सवालों के रोचक जवाब दिये। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, राज्यपाल के उपसचिव दीपक अग्रवाल, नियंत्रक हरवंश मिरी एवं राजभवन के अधिकारीगण, विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी उपस्थित थे।

# कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला प्रदेश में अव्वल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला कस्टम मिलिंग के चावल उपार्जन के मामले में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में इस साल 4,60,300 क्विंटल चावल उपार्जन के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 2,96,870 क्विंटल चावल का उपार्जन किया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 64.49 प्रतिशत है। जिले में धान खरीदी के साथ-साथ उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।



धान खरीदी की व्यवस्था पर कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम निरंतर निगरानी रख रही है। सीमावर्ती जिला होने की वजह से सभी चेक पोस्ट पर मालवाहकों की सघन जांच अनवरत रूप से जारी है।

गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 23 उपार्जन केन्द्रो में कुल पंजीकृत 16,022 किसानों में से 18 जनवरी तक 13,066 किसानों से 6,56,681 क्विंटन धान की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित धान में से 5,27,263 क्विटल धान का परिवहन राईस मिलरों के द्वारा किया जा चुका है, जो कि कुल खरीदी का 80 प्रतिशत है। जिले में धान खरीदी का कुल अनुमान 7,95,200 क्विंटल है।

कलेक्टर श्री पी.एस ध्रुव ने आज धान उपार्जन केन्द्र घुटरा एवं कछौड़ का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का मुआयना किया। कलेक्टर ने यहां धान बेचने आए किसानों से धान खरीदी व्यवस्था एवं भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दोनों केन्द्रों में कृषकों के द्वारा लाये गये धान के गुणवत्ता भी परखी तथा ऐसे किसान जो अपना पूरा धान बेच चुके हैं, उनके शेष बचे रकबे को समर्पण करने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को दिए। कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को केन्द्रों में उपार्जित धान का तेजी से उठाव कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने इसके पश्चात बिहारपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के साथ ही परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान के निर्देश दिए।

## खास खबर

### एक भारत श्रेष्ठ भारत आंध्र सांस्कृतिक आनंद महोत्सव का किया जाएगा आयोजन

**जगदलपुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत आंध्र सांस्कृतिक आनंद महोत्सव का आयोजन 24 जनवरी 2023 को जगदलपुर में किया जाएगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रदेश संयोजक निवास राव मद्दी ने प्रेस वार्ता में कहा एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना का शुभारंभ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता के मुख्य सूत्रधार रहे लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 140 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर किया था। प्रधानमंत्री जो कि भारत की एकता- अखंडता, एक संस्कृति एकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मौजूदा संस्कृति संबंधों के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में एकता को बढ़ावा देना ताकि देश के अलग-अलग भाग में रह रहे लोगों को आपस में एक दूसरे से जोड़ना है। जिससे भाषा इतिहास संस्कृति ज्ञान विज्ञान आदि को जानना एवं समझना है। देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक एकता का उत्कृष्ट भाव जागृत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत विभिन्न प्रांतों के स्थापना दिवस एवं प्रमुख त्योहारों को पूरे देश में उत्साह पूर्वक आयोजित करने का निश्चय किया है। प्रदेश में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी प्रदेश संयोजक के नाते मुझे दी गई है। प्रदेश मेरे साथ पुरंदर मिश्रा, दीपक म्हस्के, अर्पित मिश्रा, डॉक्टर चंद्रकांत एवं श्याम प्रसाद को सदस्य बनाया गया है। विशेष रुप से छत्तीसगढ़ प्रदेश को आंध्र प्रदेश झारखंड पंजाब प्रांत की जिम्मेदारी के अलावा अन्य पड़ोसी प्रांतों के स्थापना दिवस एवं प्रमुख त्योहारों पर संस्कृति के आदान प्रदान का कार्यक्रम बनाना है। मुझे यह जानकारी देते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि प्रदेश का सर्वप्रथम कार्यक्रम जगदलपुर से आंध्र प्रदेश संस्कृतिक महोत्सव के रूप में 24 जनवरी होना निश्चित हुआ है। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दक्षिण भारतीय वाद्य यंत्रों के द्वारा मंगल वाद्य होगा।

# हर बच्चे को अच्छी शिक्षा देने के लिए खोले गए आत्मानंद स्कूलः मुख्यमंत्री

### छत्तीसगढ़ में हर साल बन रहा है धान खरीदी का नया कीर्तिमानः

### जुनापारा में केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा खुलेगी, क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने लगाया जाएगा ट्रांसफार्मर

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सकरी का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूल में उन्नयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर जिले की तखतपुर विधानसभा के खैरी गांव में भेंट-मुलाकात को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हर साल धान खरीदी का नया कीर्तिमान बन रहा है। इस वर्ष अब तक 100 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है। नई राज्य सरकार के गठन के बाद पहले साल 84 लाख मीट्रिक टन, दूसरे साल 93 लाख मीट्रिक टन, तीसरे साल 97 लाख मीट्रिक टन। किसानों को 3 दिन में ही धान का पैसा मिल जाता है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के बारे में पूछा और कहा कि अभी 3 क़िस्त दे चुके हैं, तीसरी क़िस्त दीवाली के समय दिए, चौथी क़िस्त 31 मार्च को देंगे।




#### गन्ना से एथेनॉल बनाने का प्लांट जून तक होगा शुरू

भेंट-मुलाकात में किसान द्वारा गन्ना की फैक्ट्री लगाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया और कहा कि गन्ना से एथेनॉल प्लांट बनाने की कार्रवाई की जा रही है। जो जून में शुरु हो जाएगा। मक्के से एथेनॉल बनाने का प्लांट भी जल्द ही शुरु होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इसी तरह धान से एथेनॉल का प्लांट लगाना चाहती है लेकिन केन्द्र द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही।

#### तहसीलदार को तत्काल जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री द्वारा जाति प्रमाण पत्र के बारे में पूछे जाने पर दिलीप कुमार छेदाम ने कहा कि मेरा प्रमाण पत्र बन गया है, लेकिन मेरे बेटे को सकरी तहसीलदार द्वारा प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा, इस पर मुख्यमंत्री ने तहसीलदार को मौके पर बुलाकर आज ही प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। परदेशी दास मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना के 3 क़िस्त मिली है, 6 हजार मिला। योजना की तारीफकी।

#### उमा देवी यादव ने एक लाख का गोबर बेचा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिए छात्रा राजनंदिनी माथुर ने अंग्रेजी में मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उमा देवी यादव ने बताया एक लाख के गोबर बेची, 2 लाख 80 हजार का वर्मी कम्पोस्ट बनाया। इनसे हुई आमदनी से 2 गाय खरीदी और बाकी पैसे बच्चों की पढ़ाई में लगाया। वर्मी कम्पोस्ट से मिली राशि से गहना ली है। प्रमिला ने बताया कि 396 किंवटल वर्मी बनाए हैं, समूह में कुल 10 लोग हैं।

#### रूरल इंडस्ट्रियल पार्क युवाओं को मिलेगा रोजगार

प्रदेश में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। रीपा में परम्परागत कार्य करने वाले हमारे मेहर समाज, सेन समाज, धोबी समाज, देवांगन समाज के लोगों को स्थान, शेड एवँ प्रशिक्षण देकर उनके व्यवसाय को पुनर्जीवित करने का प्रयास हमारी सरकार कर रही है।

#### को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजर को दिए कैश लिमिट बढ़ाने के निर्देश

भेंट-मुलाकात में भूपेंद्र श्रीवास ने बताया कि उनकी 5 एकड़ जमीन है, एक लाख 2 हजार रुपए की ऋण माफी हुई। इस साल का धान बेच लिया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 3 क़िस्त मिल गई, इसका राशि का उपयोग उन्नयन कार्य में किया। संजय कौशिक ने बताया कि उनकी 3.5 एकड़ जमीन है। तखतपुर को-ऑपरेटिव बैंक में एक बार में केवल 49 हजार रुपए तक पैसे देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबकी आय में वृद्धि हो। किसान मजदूरों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए हमने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। स्कूलों के जीर्णोद्धार, आईटीआई केंद्रों के उन्नयन के लिए हमने बजट में प्रावधान किया। हमारा यह प्रयास है कि सभी की आर्थिक उन्नति होनी चाहिए। आस्था केंद्रों के विकास के लिए हमने प्रयास किया। राम वन गमन पथ, हरेली तिहार, तीज पर्व पर अवकाश घोषित किया। फुगड़ी जैसे छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहल राज्य है, जहां भूमिहीन मजदूरों को सालाना 7 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां कोदो-कुटकी और रागी समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं राज्य गीत अरपा पैरी के धार के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत की।

# राज्यपाल उइके ने राजभवन के वार्षिक कैलेण्डर-2023 का किया विमोचन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजभवन के वार्षिक कैलेण्डर-2023 का विमोचन किया।

वार्षिक कैलेण्डर में राज्यपाल सुश्री उइके की राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भेंट के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों के कार्यक्रमों तथा देश के अन्य राज्यों के प्रवास से जुड़े छायाचित्र, कुलाधिपति के रूप में कार्यों तथा राजभवन सचिवालय की गतिविधियां आकर्षक तरीके से प्रकाशित की गई हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, राज्यपाल के उपसचिव दीपक अग्रवाल, नियंत्रक हरवंश मिरी एवं राजभवन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ब्रह्मा बाबा ने परमात्मा के बतलाए मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा दी - ब्रह्माकुमारी सविता

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 54 वीं पुण्यतिथि को श्रद्धापूर्वक विश्व शान्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर की निदेशिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने परमात्मा द्वारा बतलाए गए मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा दी। इस समय विश्व इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण समय संधिकाल चल रहा है। साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर संस्कार परिवर्तन और नई सतोप्रधान दुनिया की पुर्नस्थापना करा रहे हैं।









# चिकित्सा का क्षेत्र संवेदना और सहृदयता का: टीएस सिंहदेव

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने करीब 13 करोड़ की लागत से निर्मित नर्सिंग कॉलेज के नए भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने राजनांदगांव के पेंड्री में शासकीय नर्सिंग कॉलेज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कॉलेज भवन का मुआयना भी किया। राजनांदगांव में नर्सिंग कॉलेज के नए भवन का निर्माण लगभग 13 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है।



लोकार्पण कार्यक्रम में प्राध्यापकों और नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सिंहदेव ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र मानवीय संवेदना और सहृदयता के लिए जाना जाता है। इन मूल्यों का ध्यान रखते हुए आप लोगों को अपने पेशे में सेवाएं देनी है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, खुज्जी की विधायक छन्नी साहू, राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, समाज सेवी पदम कोठारी, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहिने, संयुक्त संचालक जितेन्द्र तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बंसोड़, अधीक्षक डॉ. प्रदीप बेक और नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शाइनी सजू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा तथा नर्सिंग कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

## खास खबर...

### शासकीय शालाओं में 20 जनवरी को शाला प्रबंधन समिति की बैठक

**रायपुर।** राज्य में सभी शासकीय शालाओं में इस सत्र में शाला प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक 20 जनवरी को आयोजित करने के निर्देश प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और जिला मिशन समन्वयकों को दिए हैं। समग्र शिक्षा द्वारा बैठक के लिए तय एजेण्डा के अनुसार स्कूलों में आयोजित होने वाली शाला प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा की जाएगी। तय एजेण्डा के अनुसार बैठक में निपुण भारत अभियान से परिचय (सामग्री का अध्ययन) एवं निपुण भारत शपथ दिलवाई जाएगी। स्कूल में बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों की स्थिति एवं उनमें सुधार के लिए आवश्यक उपाय करने कहा है। माताओं के उन्मुखीकरण के माध्यम से बच्चों में सुधार हेतु 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम, शालाओं स्कूलों में गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सोशल ऑडिट का आयोजन किया जाए। अर्धवार्षिक परीक्षा, बेसलाइन के परिणामों पर चर्चा एवं सुधार के लिए रणनीति बनाई जाए। शाला को अब तक प्राप्त विभिन्न अनुदान, इन्टरनेट, प्रिंट-रिच एवं अन्य मदों से प्राप्त बजट और उनके उपयोग की स्थिति की जानकारी तथा उपलब्ध बजट को माह फरवरी तक व्यय करने के लिए प्रस्ताव भेजे।

बैठक में इसके अलावा तीन वर्षीय शाला विकास योजना का प्रस्तुतीकरण एवं विभिन्न योजना के अनुसार क्रियान्वयन की स्थिति, बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए 'सुघ्घर पढ़वईया' योजना से परिचय एवं शाला के पंजीयन एवं तैयारी की स्थिति की समीक्षा की जाए। कमजोर यह लम्बी अनुउपस्थिति वाले बच्चों का शाला में उपस्थित होने के लिए रणनीति बनाई जाए। उपचारात्मक शिक्षण के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे- विशेष कोचिंग कक्षाओं का आयोजन, ऑनलाइन कक्षाएं, टेली-प्रेक्टीज का उपयोग, अभ्यास पुस्तिकाओं पर कार्य, हस्तलेख सुधारने हेतु उपाय किए जाए। पुस्तकालय का नियमित उपयोग एवं बच्चों के पढ़ने की स्पीड एवं समझ में वृद्धि हेतु उपाय करें। प्रत्येक प्राथमिक शाला में बच्चों की भाषा के उपयोग के लिए डिक्शनरी, वार्तालाप पुस्तिका तैयार की जाए। शाला में उपयोग संसाधन के बेहतर उपयोग हेतु शाला परिसर का भ्रमण कर सुझाव दिए जाए। बच्चों के खेलने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और बस्ता-विहीन शनिवार के लिए समुदाय का सहयोग लिया जाए। शाला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जानकारी प्राप्त कर सोशल ऑडिट किया जाए और ग्रीष्मकाल में समर कक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी की जाए।

## नवा रायपुर के किसानों से संबंधित मुद्दों के लिए बनी मंत्रिमंडल उपसमिति की हुई बैठक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर के किसानों के विभिन्न मुद्दों के निराकरण के लिए बनी मंत्रिमंडल उप समिति की बैठक कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित हुई। इसमें सदस्य के रूप में आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, विधायक धनेन्द्र साहू उपस्थित थे। बैठक में नवा रायपुर के किसानों की समस्याओं के समाधान पर सकारात्मक रूप से चर्चा हुई। इस बैठक में लेयर 1 के गांव में वास्तविक कब्जे के आधार पर पट्टा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव केबिनेट की बैठक में भेजने का निर्णय हुआ। इसी तरह लेयर 2 के गांव में शासकीय भूमि पर काबिज कब्जाधारियों को आबादी पट्टा जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किए जाने पर सहमति बनी। मंत्रिमंडल की उप समिति की इस बैठक में ग्राम राखी में ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित भूमि को ग्राम राखी के निवासियों को बाड़ी इत्यादि कार्यो के लिए प्रदान करने का निर्णय हुआ। बैठक में नवा रायपुर के किसान और नवा रायपुर विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशल तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खेल आयोजन प्रतिभागियों को अवसर प्रदान करता है: मंत्री लखमा

### मंत्री कवासी लखमा ने एनपीएल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने नवा रायपुर प्रीमियर लीग (एनपीएल) 2023 में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शानदार टूर्नामेंट के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। मंत्री कवासी लखमा ने प्रदेश में छत्तीसगढ़ी खेलों के सफल आयोजन कराने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के लिए सभी आगे बढ़कर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा साथ ही साथ शारीरिक-मानसिक रूप से और समृद्ध होंगे।



उल्लेखनीय है कि नवा रायपुर के राखी मैदान में विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर प्रीमियर लीग 2023 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं मंत्रालय से 38 टीमें शामिल हो रही हैं।

# धान खरीदी का पिछले वर्ष का रिकार्ड टूटा, अब तक 102 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

### 22.72 लाख किसानों ने बेचा धान: किसानों को 21,006 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी चालू के खरीफसीजन में पिछले वर्ष का रिकार्ड टूट गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 102 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि पिछले वर्ष 2021-22 में 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। धान खरीदी का यह आकड़ा और भी बढ़ेगा। धान खरीदी 31 जनवरी 2023 तक चलेगी। राज्य के 22.72 लाख किसानों ने धान विक्रय किया है। धान के एवज में इन किसानों को 21,006 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने चालू खरीफ सीजन में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। धान खरीदी केन्द्रों में दिख रही किसानों की चहल-पहल और धान की आवक से यह अनुमान है कि यह लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त हो जाएगा।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक कुल धान खरीदी 102 लाख मीट्रिक टन धान में से 87 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

गौरतबल है कि राज्य सरकार की किसान हितैषी फैसलों से इन चार वर्षों में लगातार किसानों की पंजीयन और रकबा में वृद्धि हुई है। इस वर्ष 24.96 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है, इनमें 2.30 लाख नए किसान हैं। किसानों को धान विक्रय में सहूलियत हो इस लिहाज से राज्य में 2617 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 जनवरी को 23 हजार से अधिक किसानों से 95 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 6 हजार टन धान की खरीदी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ सीजन में सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

# गौठानों के प्रबंधन चुस्त-दुरुस्त बनाने एक फरवरी से पशुपालन विभाग चलाएगा विशेष अभियान

### विभाग का मैदानी अमला गौठानों का करेगा भ्रमण

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने पशुपालन विभाग ली समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गांवों में बनाए गए गौठानों में गौ-मूत्र की खरीदी, और मल्टीयुटीलिटी सेन्टर सहित अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। इन सुविधाओं को और मजबूत बनाने के लिए उद्देश्य से पशुपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा एक फरवरी से विशेष अभियान चलाए जाएगा। अमले द्वारा गौठानों का भ्रमण किया जाएगा और वहां पशुओं और चारा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि सभी गांवों में पशुपालन विभाग के अधिकारी भ्रमण कर गौठानों में पशुओं के लिए डे-केयर की व्यवस्था, पशुओं के लिए चारे का प्रबंध सहित गौठानों के संचालन व्यवस्था का अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैदानी अमले द्वारा यह देखा जाए कि गौठानों में आने वाले पशुओं के लिए चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। किसानों को पैरादान करने के लिए प्रेरित करे साथ ही दान किये गये पैरा को गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से गौठानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करे।

डॉ. कमलप्रीत ने अधिकारियों से कहा कि देशी गायों के नस्ल सुधार से ही पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि सम्भव हैं, अत: पशु नश्ल सुधार कार्य में आशातीत प्रगति लाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत कलस्टर में मिल्क रूट पर डेयरी इकाईयॉ स्वीकृत करें। डॉ. सिंह ने कहा कि पशु चिकित्सक विभाग के अधिकारियों से कहा विभाग के अंतर्गत योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य फरवरी तक पूर्ण करें। योजनाओं का क्रियान्यवयन कलस्टर बना कर करें एवं भविष्य में तिमाही लक्ष्य तय कर पूर्ण उपलब्धि सुनिश्चित की जावें।

बैठक में पशुओं में लम्पी डिसीज के संक्रमण की रोकथाम के लिए विभागीय अमला के कार्यों और गलधोटू, एकटंगिया, खुरा चपका रोकथाम हेतु सम्पादित टीकाकरण कार्य की भी सराहना की गई। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग की संचालक चंदन संजय त्रिपाठी, दुग्ध महासंध की महाप्रबंधक सुश्री तुलिका प्रजापति, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नगरीय प्रशासन मंत्री ने जरौद में करीब 1.33 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। डॉ. डहरिया ने ग्राम जरौद (उमरिया) में लगभग 1 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। डॉ. डहरिया ग्राम जरौद में आयोजित मड़ई मेला में ग्रामीण जनों के साथ भ्रमण किया। इस मौके पर ग्रामीणजनों में बेहद खुशी देखी गई।



नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने जरौद उमरिया में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ 14 लाख 81 हजार रूपए की लागत से निर्मित की जाने वाली पानी टंकी और पाइप लाइन का भूमिपूजन और गांव की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए तीन लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. डहरिया ने गांव में दो सीसी सड़क बनाने 10 लाख रुपए और रंगमंच के कार्यों के लिए पांच लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

मंत्री डॉ. डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आरंग क्षेत्र के सभी गांवों में ग्रामीणजनों की सुविधा के लिए स्कूल, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ केंद्र, सड़क सहित अन्य सभी जरूरी कार्य कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले समय में भी ग्रामीणजनों की सुविधा के और सभी जरूरी कार्य कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष खिलेश देवांगन, सरपंच रमनीत सालीक डहरिया, सर्व कोमल साहू, ओमप्रकाश यादव, माखन कुर्रे सहित पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# यूट्रस की अच्छी हेल्थ के लिए महिलाएं आहार में शामिल करें ये फूड्स, समस्याएं होंगी दूर

एक महिला के लिए उसके यूट्रस का स्वास्थ्य बहुत जरुरी होता है। महिलाओं में होने वाली बहुत सी समस्याएं यूटरस हेल्थ से जुड़ी होती हैं। यूट्रस में होने वाले इंफेक्शन और कैंसर जैसी समस्याओं से बचने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने यूट्रस की हेल्थ का ध्यान रखें। कुछ लोग रिप्रोडक्शन प्रक्रिया को रेगुलर करने के लिए मेडिकल सप्लीमेंट्स का सेवन करते हैं। लेकिन इनकी अधिक मात्रा में सेवन करने से इसके साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताएंगे कि आप सिर्फ कुछ फूड्स का सेवन करके भी अपने यूट्रस को हेल्दी रख सकती हैं।

### सूखे मेवे और बीज

अपने यूट्रस को हेल्दी रखने के लिए आप सूखे मेवे जैसे बादाम, काजू, अखरोट और फ्लैक्सीड का सेवन जरूर करें। यह ओमेगा 3 से भरपूर होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। यह यूट्रस में होने वाले फाइब्रॉयड्स और यूटरिन कैंसर की समस्या के खतरे को भी कम करने में सहायक है।आप इनका सेवन दूसरी चीजों में मिलाकर भी कर सकते हैं जैसे बेक्ड फूड। बिस्किट, लड्डू, खीर, केक, आदि में इन्हें डालने से स्वाद और सेहत दोनों ही अच्छा होगा।

### नींबू का करें उपयोग

नींबू के अंदर भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है जो न केवल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मददगारहै, बल्कि महिलाओं के गर्भाशय और ओवरी से बैक्टीरिया को दूर भी कर सकता है। यह बैक्टीरिया यूट्रस में इंफेक्शन की समस्या पैदा कर सकते हैं। ऐसे में नींबू के सेवन से खतरनाक इन्फेक्शन को दूर रखा जा सकता है।

### आहार में शामिल करें पत्तेदार सब्जियां

पत्तेदार सब्जियां खाने से हमारे शरीर में अल्कलाइन बैलेंस बना रहता है और मिनरल्स और फॉलिक एसिड की कमी पूर्ति भी होती है। इसलिए हमें पालक और मेथी जैसे पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। यह फाइबर से भी भरपूर होती है।

### फलों का करें सेवन

ताजे फलों में विटामिन सी और फ्लेवनॉयड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह यूट्रस से जुड़ी समस्याओं के नेचुरल ट्रीटमेंट में काम आते हैं। इससे फाइब्रॉयड की संख्या बढ़ती है और ओवराइन कैंसर का खतरा कम होता है। मंचिंग के लिए आप खाने के बीच बीच में जंग फूड के बजाय इन फलों का सेवन करें। यह आपकी हेल्थ के लिए अच्छे हैं।



### डेयरी प्रोडक्ट्स को करें शामिल

अपनी डाइट में ऐसी चीजों को जोड़ें, जिनमें कैल्शियम और विटामिन दोनों मौजूद हो। उदाहरण के तौर पर आप अपनी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट्स को जोड़ सकते हैं जैसे- दही, पनीर, दूध आदि न केवल गर्भाशय के लिए अच्छे हैं बल्कि इससे ओवरी भी स्वस्थ रह सकती है। बता दें कि कैल्शियम के सेवन से हड्डियां मजबूत रहती हैं और विटामिन डी के सेवन सेफाइब्रॉयड्स को गर्भाशय से दूर रखा जा सकता है।

### ग्रीन टी

ग्रीन टी सेहत के लिए फायदेमंद है। इसमें एन्टीऑक्ससिडेंटहोते है जो यूट्रसको हेल्दी रखते है। ग्रीन टी यूट्रेस में फाइब्रॉएड्सको रोकने में असरदार होता है। इसके लिए महिलाओं को अपनी डाइट में ग्रीन टी को शामिल करना चाहिये। होल ग्रेनहोल ग्रेन फाइबर से भरपूर होते हैं। इनका सेवन करने से हमारा पाचन तंत्र और यूट्रस दोनों ही हेल्दी होते हैं। यह हमारे शरीर में अत्यधिक एस्ट्रोजन को बाहर निकाल देता है।

### कैस्टरऑयल का करें प्रयोग

अगर आपको अपना यूट्रसको हेल्दी रखना है तो कैस्टरऑयल का प्रयोग करें।डॉक्टरों का मानना है कि कैस्टर ऑयल के सेवन से ओवेरियन सिस्ट और यूट्रस में फाइब्रॉइडसकी समस्या भी दूर होती है। कैस्टर ऑयल में रेकोनोलिक एसिड होता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है और यूट्रस में इंफेक्शन का शिकार नहीं होता।

## 20 जनवरी को होगा रियलिटी डॉक्यूमेंट्री-सीरीज 'सिनेमा मरते दम तक' का ग्लोबल प्रीमियर

भारत में दर्शकों के मनोरंजन के लिए सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने अपनी अनस्क्रिप्टड अमेजन आरिजिनल सीरीज 'सिनेमा मरते दम तक' के ट्रेलर के लॉन्च के साथ इसके ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा की। इस सीरीज का जबरदस्त ट्रेलर दर्शकों को 90 एस के दौर में वापस ले जाता है, जिसमें उन्हें हिंदी पल्प सिनेमा की दुनिया की बेहद मनमोहक, खुशहाल और पर्दे के पीछे के अनदेखे दृश्यों की झलक मिलती है, जिसे बेहद पसंद करने वाले फैन्स देश भर में बड़ी तादाद में मौजूद हैं। वाइस स्टूडियोज प्रोडक्शन द्वारा प्रोड्यूस की गई और वासन बाला द्वारा निर्मित छह-एपिसोड की इस रियलिटी डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में पहली बार 90 के दशक की पल्प सिनेमा इंडस्ट्री की चकाचौंध और इंडिपेंडेंट इकोसिस्टम की झलक दिखाई गई है।

20 जनवरी से भारत के साथ-साथ दुनिया के 240 देशों एवं क्षेत्रों में सभी प्राइम मेंबर्स इस डॉक्यूमेंट्री-सीरीज की स्ट्रीमिंग का आनंद ले पाएंगे। 'सिनेमा मरते दम तक' उस दौर के चार बेहद जुनूनी फिल्म निर्देशकों झ जे. नीलम, विनोद तलवार, दिलीप गुलाटी और किशन शाह के साथ दर्शकों को पर्दे के पीछे की दुनिया में ले जाता है, जो पहली बार एकजुट होकर 30 साल पहले की फिल्मों के बराबर के बजट और थीम का उपयोग करके एक फिल्म बनाने के लिए वापस आए हैं। इस डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में रजा मुराद, मुकेश ऋषि, हरीश पटेल और राखी सावंत जैसे कलाकार भी नजर आने वाले हैं, जो भारतीय सिनेमा के उन पहलुओं पर अपने विचार साझा करेंगे जिनके बारे में लोगों को काफी कम जानकारी है। इसके अंतिम एपिसोड में अभिनेता अर्जुन कपूर भी एक होस्ट के रूप में दिखाई देंगे। इस अवसर पर अपर्णा पुरोहित, हेड ऑफ इंडिया आरिजिनल्स, प्राइम वीडियो ने कहा, बीते वर्षों में पल्प जॉनर की फिल्में अपने अनोखेपन, जिंदादिली और कुछ अलग अंदाज की वजह से दर्शकों के बीच बेहद पसंदीदा बन गई हैं, और ये फिल्में लोगों के दिलों में बस गई हैं।




### फिल्म पठान की एडवांस बुकिंग भारत में 20 जनवरी से होगी शुरू

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग ब्रेसबी से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। विदेशों में पठान की टिकटों की एडवांस बुकिंग तेजी से चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पठान की एडवांस बुकिंग फिल्म की रिलीज से पांच दिन पहले यानी 20 जनवरी से शुरू होगी, जिसमें हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में 2 डी वर्जन की टिकटें शामिल होंगी।

आईमैक्स, 4 डीएक्स, डी बॉक्स और आईसीई जैसे प्रीमियम फॉर्मेट में हिंदी भाषा में टिकटों के लिए एडवांस बुकिंग की विंडो 20 तारीख से ही खुलेगी। फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम जैसे कलाकार भी हैं। चार साल के लंबे अंतराल के बाद शाहरुख पठान के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। फिल्म 25 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फिल्म जंगलमहल का ट्रेलर जारी, सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म

बॉलीवुड निर्देशक अरुणावा चौधरी की हॉरर फिल्म जंगलमहल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 80 के दशक में मानसून के वक्त किसी अनजान जंगल में बने एक महल के अंदर हुई भूतिया घटनाओं पर आधारित है। मशहूर फिल्म एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर मंगलवार को इस फिल्म की रिलीज डेट और ट्रेलर जारी होने की जानकारी दी है। यह फिल्म 20 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

फिल्म में मासूमेह अब, अमित रैना और आदित्य बालियान जैसे कलाकार नजर आएंगे। इसके अलावा फरहाद खैरी, सुरैया परवीन और कई अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। जंगलमहल का निर्माण अरुणाव चौधरी ने रुनावा चौधरी प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। जंगलमहल: द अवेकनिंग की कहानी 1985 की है। दरअसल, बिहार के सारंडा रेंज में घूमने आए कुछ दोस्तों के समूह के साथ कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं, जिन पर दूसरे लोग कभी विश्वास नहीं कर पाते।

### कोटेशन गैंग से जैकी श्रॉफ का फर्स्ट लुक आया सामने

अभिनेता जैकी श्रॉफ, जो अपने नए अवतार के साथ वापस आ गए हैं, अभिनेता की नई फिल्म कोटेशन गैंग का टीजर सामने आ गया है। इसमें अभिनेता का एक अलग ही रुप देखने को मिल रहा है। अभिनेता को इस लुक में जाने के लिए वक्त नहीं लगा, अभिनेता जल्द ही इसके अभ्यस्त हो गए, क्योंकि यह उनके सिस्टम का एक हिस्सा बन गया। अभिनेता ने कहा, फिल्म कोटेशन गैंग के लिए मेरा लुक निश्चित रूप से इंटेंस था, लेकिन आखिरकार मुझे इसकी आदत हो गई और मुझे मेरा किरदार पसंद आया। मुझे फिल्म में काम करने की खुशी है और पूरी स्टार कास्ट वास्तव में सहायक थी। तमिल में अरण्य कंदम, कोचादैयां और बिगिल जैसी हिट फिल्में देने के बाद, जैकी के. कन्नन विवेक द्वारा निर्देशित फिल्म में अभिनय करेंगे। फिल्म एक असली गिरोह पर आधारित है जो केरल से संचालित होता है।

## थाई हाई स्लिट गाउन में रश्मि देसाई ने दिखाई कातिलाना अदाएं



टेलीविजन एक्ट्रेस रश्मि देसाई इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस रश्मि देसाई किलर आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस थाई हाई स्लिट में गजब बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों पर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। थाई हाई स्लिट गाउन में एक्ट्रेस रश्मि देसाई गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरों ने इंटरनेट का पारा हाई कर रखा है। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपना जबरदस्त क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और हाई वन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस रश्मि देसाई गजब का कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने इस बोल्ड आउटफिट में कई सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। रश्मि देसाई ने अपने करियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्मों से की। इसके साथ ही एक्ट्रेस साल 2009 में हिंदी टीवी सीरियल उतरन में मुख्य भूमिका में नजर आ चुकी हैं। रश्मि देसाई के चाहनेवालों को उनका अंदाज पसंद आता है। एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक रश्मि हर आउटफिट में गजब ढाहती हैं। एक्ट्रेस रश्मि देसाई इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना नजर आ रही हैं। साथ ही उनकी डीपनेक ड्रेस फैंस को बेताब कर रही हैं। टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई की फिटनेस इतनी कमाल की है कि फैंस उनके फिगर के दीवाने बने हुए हैं।

## लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट क्या है? या है इससे जुड़े फायदे और नुकसान

शरीर से अनचाहे बालों को हटाने के लिए शेविंग, वैक्सिंग, थ्रेडिंग जैसे पारंपरिक तरीके अपनाए जाते हैं, लेकिन इनमें अधिक समय और मेहनत लगने के कारण अब पेशेवर लोग लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट पर फोकस करने लगे हैं। इसमें इस्तेमाल होने वाली लेजर बीम भाप के जरिए सीधे रोमछिद्रों से बाल साफ करती है। आइए जानते हैं कि यह ट्रीटमेंट कितना प्रभावी है।



### क्या सुरक्षित है लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट?

लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट सुरक्षित और प्रभावी है। यह अनचाहे बालों को बढ़ने से रोकने में मदद कर सकता है। इसमें वैक्सिंग की तुलना में दर्द भी नहीं होता है। हालांकि, इसके लिए आपको कई सेशन लेने पड़ सकते हैं। अगर आप यह ट्रीटमेंट लेना चाहते हैं तो पहले किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ सलाह जरूर लें। इसका कारण है कि यह हर किसी को सूट नहीं करता है।

### क्या है इस ट्रीटमेंट के नुकसान?

इस ट्रीटमेंट के बाद मामूली दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इनमें त्वचा का लाल होना और जलन होना आम है। अगर दुष्प्रभाव गंभीर हों तो तत्काल त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। शरीर के कोमल हिस्सों से बाल हटवाते समय दुष्प्रभावों की संभावना अधिक होती है। हालांकि, इस तरह के दुष्प्रभाव बालों को हटाने की अन्य प्रक्रियाओं के बाद भी दिखाई दे सकते हैं। इससे राहत पाने के लिए प्रभावित हिस्से पर आइस पैक लगाएं।

### ट्रीटमेंट के गंभीर दुष्प्रभाव

**त्वचा का रंग बदलना:** हाल ही में सनटैन कराने वालों में इसका खतरा अधिक रहता है।

**पेरडाक्सिकल हेयर ग्रोथ:** इसकी संभावना बहुत कम होती है, लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या हो सकती है।

**फफोले:** इस ट्रीटमेंट के तुरंत बाद धूप में जाने से त्वचा पर फफोले पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। अगर लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट सही तरह से न किया जाए तो भी त्वचा पर फफोले पड़ सकते हैं।

### गर्भवती महिलाओं को यह ट्रीटमेंट लेना चाहिए?

विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भावस्था में यह ट्रीटमेंट नहीं लेना चाहिए। इससे शिशु पर बुरा असर पड़ने का खतरा रहता है। हालांकि, गर्भावस्था में महिलाओं में कई हार्मोनल बदलाव होने के कारण अनचाही जगहों पर अतिरिक्त बाल उग आते हैं। ऐसे में परेशान होने की जगह गर्भवती महिलाएं डॉक्टरी सलाह से बालों को हटाने की अन्य प्रक्रियाओं को आजमा सकती हैं।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

इस ट्रीटमेंट से तीन दिन पहले त्वचा पर हाइड्रोक्सी एसिड, सैलिसिलिक एसिड, रेटिनोल और बेंजोइल पेरोक्साइड युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल न करें। धूप में जाने से बचें और त्वचा को माइल्ड क्लींजर से साफ करें। इसी तरह डॉक्टर की सलाह पर ही ट्रीटमेंट को लेने पर निर्णय करें। अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो इससे बचना ही आपके लिए सही रहेगा।

## नीरज पांडे की फिल्म में अजय देवगन के साथ नजर आएगी सई मांजरेकर



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की पिछली फिल्म दृश्यम 2 ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 240 करोड़ रुपये की कमाई की है। अजय देवगन की फिल्म ने उस समय ये कमाई की है जब बॉलीवुड इंडस्ट्री की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही हैं। अजय देवगन अब फिल्म भोला में नजर आने वाले हैं और उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म से उनके लुक को खूब पसंद किया जा रहा है। इसी बीच अजय देवगन की एक और फिल्म से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। दरअसल, लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि अजय देवगन डायरेक्टर नीरज पांडे की एक फिल्म में नजर जिमी शेरगिल के साथ नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस की भी एंट्री हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नीरज पांडे के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म अजय देवगन और जिमी शेरगिल के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर सई मांजरेकर की एंट्री हो गई है। नीरज पांडे और उनकी टीम ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस के लिए कई ऑडिशन लिए और सई मांजरेकर का नाम फाइनल किया। हालांकि, सई मांजरेकर के किरदार को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ये भी बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए एक यंग एक्टर की तलाश की जा रही है जो महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएगा। फिल्म की शूटिंग जनवरी के आखिरी तक लखनऊ में शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद दूसरा शेड्यूल मुंबई में होगा। फिल्म की पूरी शूटिंग 50 दिन में खत्म कर ली जाएगी। पहले फिल्म को जून, 2023 में रिलीज करने की घोषणा की गई थी लेकिन अब इसे साल 2023 के सेकेंड हॉफ में बढ़ा दिया गया है। शूटिंग पूरे होने तक मेकर्स फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा करेंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कांग्रेस भवन रायगढ़ में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की रूपरेखा तय हुई

**रायगढ़।** जिले कांग्रेस भवन रायगढ़ में 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ होने जा रही हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई और कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी बांटे जाने हेतु विचार विमर्श हुआ।विदित हो कि कांग्रेस ने 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' यात्रा शुरू करने की घोषणा की गई है और भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर इसे भी निकाला जाएगा। यात्रा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथों को जोड़ेगी। हर जिले में एक अधिवेशन होगा। अंत में एक बड़ी रैली राजधानी में आयोजित कर इस यात्रा का समापन होगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश के लोगों में उम्मीद की नई किरण जग रही है। भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा देशभर में निकालने जा रही है और आज जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 138 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है जो कि बहुत ही खुशी का विषय भी है यह भी सर्वविदित है कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा भी है। कांग्रेस देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और देश की सबसे पुरानी पार्टी है और इस विचारधारा का प्रसार भी सामयिक आवश्यकता है तभी जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ द्वारा भी यह कार्यक्रम जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश कांग्रेस के निर्णयानुसार 26 जनवरी से रायगढ़ शहर में भी प्रारंभ होगा।

### अय्यप्पा मंदिर की स्थापना का 36वां वार्षिक महोत्सव 28 से

**जगदलपुर।** बस्तर जिला मुख्यालय के वृंदावन कॉलोनी में बने अय्यप्पा मंदिर की स्थापना का 36वां वार्षिक महोत्सव 28 जनवरी से मनाया जाएगा। इस 06 दिवसीय महोत्सव में मंदिर में विशेष पूजा की जाएगी। जिसे केरल से आए 06 पुजारियों के द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न करवाया जावेगा। अय्यप्पा सेवा संघम के वीडी नायर ने बताया कि मंदिर की स्थापना महोत्सव को लेकर अय्यप्पा सेवा संघम के सदस्यों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस शोभा यात्रा में तैय्यम और श्रृंगारी मेलम दोनों का समावेश रहेगा। मान्यता और पुराने रीति रिवाज के अनुसार हो इसके लिए पूजा पाठ कराने वाले पंडितों के साथ-साथ बाजा बजाने वाले लोग भी इसमें शामिल होंगे। आखिरी दिन निकाली जाने वाली शोभायात्रा सालों से चली आ रही परंपरा के साथ ही नए रूप में निकाली जाएगी।

# भेंट-मुलाकात कार्यक्रमः न्याय योजनाओं से किसानों को मिल रही ताकत : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि किसानों और मजदूरों की जेब में पैसा जाए, यही सरकार का उद्देश्य है। पहले किसानो का क़र्ज़ा बढ़ते जा रहा था। लोग किसानी छोड़ रहे थे। इसे देखते हुए हमने सरकार बनते ही दो घंटे में किसानो का क़र्ज़ा माफ़किया। खेती किसानी को मजबूत बनाने न्याय योजनाओं की शुरूआत की।**



श्री बघेल आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विधानसभा के ग्राम बेलपान में आयोजित भेंट मुलाकात में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर गनियारी को नगर पंचायत बनाने, ग्राम संकरीभांटा में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने के साथ बेलपान मंदिर व मेला स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने सहित कई घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आगे कहा कि किसानों की मेहनत और उनके सहयोग से राज्य में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी में अब तक हमने 100 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी कर ली है। किसानों की संख्या और जमीन का रकबा दोनों में वृद्धि हुई है। धान का उत्पादन भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने शुरू की गई योजनाओं और किसान हितैषी फैसलों से किसानों को ताकत मिल रही है, किसानों की ताक़त बढ़ने से खेती लाभदायक हुई है। छत्तीसगढ़ में हमारे अन्नदाता बहुत प्रसन्न हैं, फ़सल भी बहुत अच्छी हो रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। सरकार द्वारा मोटे अनाज को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कोदो बोने वाले किसानों को भी इनपुट सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बेलपान के नर्मदा कुंड में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। उनके ग्राम बेलपान पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ, गुलदस्ता और सूत धागा की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर कर ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान संसदीय सचिव और तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों को कई विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ने ग्राम पंचायत गनियारी को नगर पंचायत बनाने, ग्राम संकरीभांटा में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने के साथ बेलपान मंदिर व मेला स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तखतपुर का नामकरण पूर्व विधायक तखतपुर स्व. ठाकुर बलराम सिंह के नाम पर और शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय तखतपुर का नामकरण वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर करने की भी घोषणा की। श्री बघेल ने कहा कि तखतपुर नगर के जल संकट को दूर करने जल आवर्धन योजना में तखतपुर को खुड़िया जलाशय से जल आपूर्ति की जायेगी। बेलपान में 50 सीटर प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निर्माण किया जायेगा। तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये भवन निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ उन्होंने बीजापुर में प्राथमिक शाला का माध्यमिक स्कूल में उन्नयन, सेदा माध्यमिक स्कूल के हाई स्कूल में उन्नयन, उस्लापुर फ्लाईओवर से सकरी तक सड़क चौड़ीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलपान हेतु एम्बुलेंस प्रदान करने, ग्राम साल्हेकापा में मीडिल स्कूल व ग्राम निगारबंद, बेलसरा तथा पोंगरिहा में प्राथमिक शाला के लिये भवन निर्माण, ग्राम दर्री के स्टेडियम का उन्नयन व बाउंड्रीवाल निर्माण और ग्राम भरनी में गुरू घासीदास जयंती मेला स्थल पर भवन एवं अहाता निर्माण कराने की भी घोषणा की। भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने क्षेत्रवासियों से अपने विचार साझा किए और शासकीय योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए रोजगार की व्यवस्था और आय में बढ़ोतरी की योजनाएं चल रही हैं। किसान, मजदूर, महिला सभी के रोजगार और आय में वृद्धि होनी चाहिए। अब गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए भी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। नौजवानों को रोजगार देने और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने रुरल इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत की है।

## ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है शासन-उमेश पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखंड के ग्राम-बाम्हनपाली, अंजोरीपाली एवं रजघट्टा ग्रामों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए 29 लाख 70 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया। उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है।**



इसलिए ग्रामीण अंचलों में सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य कर रही है। चाहें वह गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर तक नल कनेक्शन विस्तार हो या आवागमन सुगम बनाने सीसी रोड का कार्य। इसके साथ ही गांवों की प्राथमिकता एवं मांग के अनुरूप सामुदायिक भवन, पचरी, मुक्तिधाम जैसे विभिन्न कार्यों को पूरा भी किया जा रहा है।

आज शासन की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए बनाई जा रही है। जिसमें किसान, श्रमिक, आदिवासी परिवारों तक सबके विकास को ध्यान में रख कार्य किया जा रहा है। किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित अन्य फसलों की अधिक कीमत मिल रही है। आदिवासी अंचलों के निवासियों के आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनोपज की संख्या में विस्तार कर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। शासन जहां एक ओर किसानों के लिए योजनाएं चला रही है वहीं गांवों में निवास करने वाले भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी राजीव गांधी भूमिहीन ग्रामीण मजदूर न्याय योजना शुरू की है। जिससे भूमिहीनों को सालाना 7 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण अंचल के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जा रहे है। ताकि बच्चे किसी भी प्रतियोगिता में पीछे ना रहें। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने ग्राम अंजोरीपाली में मांग अनुरूप नए पंचायत भवन की घोषणा की।

इस अवसर पर अभय महंती, नेत्रानंद पटेल, सुखदेव डनसेना, मनोज गबेल, रणधीर शर्मा, रामदयाल राठिया, भोग सिंह राठिया,जमील कुरैशी, नीरज पटेल, गोपाल शर्मा, साधराम साहू, सुनील शर्मा, सरपंच बाम्हनपाली खेमबाई राठिया, सरपंच अंजोरीपाली खिलावन सिंह राठिया, सरपंच रजघट्टा श्रीमती बसंती खड़िया, उपसरपंच डिगम्बर डनसेना, उपसरपंच परमानंद राठिया, उपसरपंच हेम पुष्पा साहू, बीडीसी श्रीमती सुशीला पटेल, पूर्व बीडीसी मधुमति राठिया, सुरेश साहू, बल्ली साहू, हेमंत साहू, कुशल प्रसाद साहू, डालिश पाण्डेय, लोकपाल डनसेना सहित आदि लोग उपस्थित थे।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण

उच्च शिक्षामंत्री पटेल जनसंपर्क के दौरान 29 लाख 70 हजार रुपये की लागत से 7 विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम-बाम्हनपाली में 6 लाख 45 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केन्द्र-2, 12 लाख 75 हजार रुपये की लागत से दो सीसी रोड निर्माण, 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय, 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय तथा ग्राम-अंजोरीपाली में 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय एवं 01 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण कार्य शामिल है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्याम लाल सोम के नाम पर सिविल अस्पताल नगरी का नामकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि सिविल अस्पताल नगरी के नामकरण और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुईं।**

उन्होंने धमतरी जिले के नगरी क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री श्यामलाल सोम के नाम पर सिविल अस्पताल नगरी का नामकरण किया। इस दौरान उन्होंने स्व. श्री श्यामलाल सोम के ज्येष्ठ पुत्र श्री लीलाशंकर सोम सहित 20 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिहावा विधायक और मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

ज्ञात हो कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री श्यामलाल सोम का जन्म 05 जनवरी 1907 को हुआ था। क्षेत्र के अन्य सेनानियों के साथ श्री सोम ने भी आजादी के आंदोलनों में भाग लिया था। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रभावित होकर बीटीआई की पढ़ाई छोड़ जंगल सत्याग्रह में शामिल हुए।

इसके बाद उन्होंने रूद्री-नवागांव में जंगल सत्याग्रह को नेतृत्व प्रदान किया। आजादी मिलने के बाद विभिन्न अवसरों पर श्यामलाल सोम का सम्मान हुआ। स्वतंत्रता की 25 वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें ताम्रपत्र से सम्मानित किया।

# बदलता दंतेवाड़ाः अंग्रेजी माध्यम से बच्चों को पढ़ाने का सपना हुआ साकार

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों का संवर रहा बेहतर भविष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा। बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। जिले में ऐसा स्कूल बना हुआ है, जो आने वाले समय में जिले की पहचान बनेगा और यहां के शिक्षा के स्तर को काफी ऊंचाइयों तक लेकर जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सकारात्मक सोच से प्रदेश सरकार ने उन परिवारों के सपनों को साकार करने का बीड़ा उठाया है जो कमजोर, आर्थिक स्थिति की वजह से अपने बच्चों को महंगे अंग्रेजी निजी स्कूलों में शिक्षा दिलाने में समर्थ नहीं थे।**



मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित किया कि ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में भी हर गांव का बच्चा अंग्रेजी शिक्षा से परिपूर्ण हो। छत्तीसगढ़ शासन ने गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों के बेहतर शिक्षा के प्रबंध में एक और कड़ी को शामिल कर लिया है। हम बात कर रहे है स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की। जो बहुत कम समय में इतना बड़ा शासकीय स्कूल जिले के सबसे बड़ी और सभी शैक्षिक गतिविधियों और सुविधाओं से भरा हुआ है। जहां हर मां-बाप चाहेगा कि उसका बच्चा यहीं पढ़े, अंग्रेजी बोले।

वाकई बच्चों के सपनों को साकार करने में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नए आयाम गढ़ेगा। साथ ही पूरे प्रदेश और देश में ये मिसाल पेश करेगा, और इस स्कूल से अब नई उम्मीद जताई जा रही है। जहां पिछड़े ग्रामीण इलाकों के बच्चों को भी अच्छी उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ सरकार सफल हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में जिले की तस्वीर बदली है। कहते है जहां-जहां शिक्षा के दीप जलते है, वहां-वहां विकास की लौ जगमगाती है।

जिले में 2021-22 से चार स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण और कुआकोंडा में संचालित किया गया। शिक्षा सत्र 2022-23 में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल एवं बारसूर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित है इन विद्यालयों में वर्तमान में पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित हैं स्कूल में उचित सुविधाएं पुस्तकालय, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर कक्ष एवं खेलकूद की सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में कुल 2307 बच्चे अध्ययन कर रहे है जहां बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने को तैयार है।

## सुकमा जिला प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों के खाते में राशि ट्रांसफर करने में पूरे राज्य में प्रथम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** सुकमा जिला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में राशि ट्रांसफर करने में पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। इसके चलते हितग्राहियों को अपना मकान बनाने में कोई कठिनाई नहीं हो रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के दक्षिण में स्थित सुकमा जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत कोण्टा के अतिसंवेदनशील ग्राम पंचायत मिसमा में अपने परिवार के साथ हितग्राही श्रीमती ओयम मासे प्रधानमंत्री आवास बनाकर निवास कर रही है।



जनपद पंचायत मुख्यालय से लगभग 60 किमी. दूर व एनएच से 10 किमी दूर स्थित इस गांव में कालान्तर में वामपंथी उग्रवाद विभीषिका में ग्राम की प्रगति भेंट चढ़ गई थी। एक समय ऐसा आया कि भय के कारण यह ग्राम वीरान-सुनसान में परिवर्तन हो गया और ओयम मासे बताती है कि यहाँ निवासरत वनवासी अपना घर, काम, पशु को छोड़कर सुरक्षित स्थान की तलाश में विकासखण्ड मुख्यालय कोण्टा, दोरनापाल एवं अन्य स्थानों में निवास करने लगे। जिससे उनके काम के साथ ही उनके परिवार वालों पर भी प्रतिकुल असर पड़ा।

अपनी मिटटी से दूर होने का दर्द छुपाये विवषता में किसी तरह जीवन जी रहे थे, किन्तु हृदय में अपनी मिटटी अपनी जन्मभूमि में वापस जाने की छटपटाहट थी। शासन द्वारा सुरक्षापूर्ण परिस्थिति तैयार करने के बाद कुछ समय पश्चात अपनी मातृभूमि में फिर से जुड़ने की आशा की किरण दिखाई पड़ने लगी किन्तु पूर्व से आर्थिक और आय सीमित होने के कारण यह एक सपना सा प्रतीत होने लगा। ऐसे में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजनातर्गत वर्ष 2019-20 में आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई, इस योजना के तहत प्राप्त अनुदान राशि एवं स्वयं की राशि को जोड़कर श्रीमती ओयम मासे ने अपने उजड़े हुए आशियानों को फिर से आबाद कर पायी और आज शासन की इस महती योजना का लाभ इनके चेहरे पर खुशी लेकर आई।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### जेल गेट के सामने हत्या के आरोपी के भाई को मारा चाकू आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर (ए)।** रायपुर के पंडरी क्षेत्र के दलदल सिवनी में सोमवार को हुए दोहरे हत्या कांड के बाद गैंगवार शुरू हो गया। वही हत्या करने वाले आरोपी के भाई पर बुधवार की शाम जेल गेट के सामने हमला हो गया। उस समय दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट से जेल दाखिल करवाया जा रहा था। पुलिस ने बताया के दलदल सिवनी में गोकुल निषाद और जितेंद्र डहरिया की सोमवार आधी हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने इस मामले में गोकुल नंदन साहू, त्रिशाल दुबे उर्फ प्रिंस, पारसमणि साहू उर्फ बोड्डा, दीपक साहू, धनेंद्र साहू और नागेश गोस्वामी उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। शाम को पुलिस आरोपियों को लेकर जेल पहुंची। वहां त्रिशाल दुबे का भाई हर्षद दुबे उर्फ गुरु मौजूद था। वह त्रिशाल को कुछ सामान देने जेल परिसर में जा रहा था। तभी दलदल सिवनी निवासी युवराज सिंह ने उस पर हमला कर दिया।



### राजधानी में चाकू लेकर घूमते रक्सेल गैंग के गुर्गे गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** उमनि एव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम देव चरण पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम एवं शहर अभिषेक महेश्वरी के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के पर्यवेक्षण में नशाखोरी अड्डे बाजो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अलग-अलग जगहों पर हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपियों को पकड़कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।

17 को अभियान कार्रवाई के तहत मुखबिर से सूचना मिली थी दो अलग-अलग जगहों पर कुछ लड़के अपने हाथ में चाकू लेकर आम जगह पर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंचने पर दो अलग-अलग जगह पर कुल 5 लड़के अपने हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था आरोपियों को पकड़कर आरोपियों के कब्जे से कुल 4 नग धार धार चाकू वह दो मोटरसाइकिल जप्त कर दिनांक 17.01.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

रवि रक्सेल पिता राज रक्सेल मौदहापारा थाना मौदहापारा रायपुर ,ओमकार सेन उर्फ सोनू पिता राधेश्याम सेन छिरापारा भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर अपराध क्रमांक 38/2023 धारा 25 27 आर्म्स एक्ट आरोपीगण लोकेश कुमार साहू पिता विष्णु राम साहू ग्राम भोरिंग थाना तुमगांव जिला महासमुंद छत्तीसगढ़, अर्जुन सेन पिता भागीरथी सेन दीनदयाल उपाध्याय खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर छत्तीसगढ़, दिशांत मानिकपुरी पिता स्व. मनोज दास मानिकपुरी आदिवासी कॉलोनी कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर निवासी है।

## बेकाबू बाइक की भारी वाहन से टक्कर, 3 की मौत

# एक मोटर साइकिल पर सवार थे चार युवक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़ (ए)।** खरसिया के नजदीक कुनकुनी में हाइवे पर वेदांता कोल साइडिंग के नजदीक बाइक के बेकाबू होकर अज्ञात वाहन से टकरा जाने से तीन युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चार युवक एक ही बाइक पर सवार थे।

बताया जा रहा है कि स्पीड ब्रेकर के कारण बाइक बेकाबू हुई और पास से गुजर रहे भारी वाहन से टक्कर लगी। आसपास के लोग घायलों को एम्बुलेंस से नजदीक के चपले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। यहां तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल घायल का हाल जानने के लिए चपले अस्पताल पहुंचे। रायगढ़ से सक्ती के बीच हाइवे पर हादसे रुक नहीं रहे हैं।



बुधवार शाम लगभग 6.30 बजे फिर एक भीषण हादसे ने तीन जानें ले लीं। बाइक पर खरसिया छोटे मुड़पार का यशवंत पटेल (30), सक्ती गढ़गोढ़ी का हरि पटेल (25) और परसकोल का राकेश पटेल (21) और तुलेश्वर पटेल सवार थे। चारों युवक टाइल्स कारीगर थे। ये काम के बाद खरसिया लौट रहे थे। हादसे में यशवंत, हरि और राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। तुलेश्वर गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। हादसे के बाद परिजन सदमे में हैं। ये लोग सक्ती-खरसिया की ओर से चपले काम के लिए आए हुए थे।

### अच्छी व खराब, दोनों सड़कों पर मुसीबत

जिले में पीडब्ल्यूडी की खराब सड़कों के कारण हादसे होते हैं। वहीं बिलासपुर रेंगालपाली मार्ग के अच्छे होने से बेलगाम रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। रायगढ़-खरसिया-सक्ती के बीच हर हफ्ते एक-दो हादसे होते हैं। हाइवे पर रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हादसे हो रहे हैं। खरसिया थाने के एसआई अमिताभ खांडेकर ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए हाइवे पर पेट्रोलिंग करती है। ओवरस्पीड पर कार्रवाई भी होती है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे

हादसे के समय नजदीक में कोई नहीं था। राहगीरों की नजर थोड़ी देर बाद पड़ी। लोगों को बाइक के साथ तीन लोग पड़े दिखे। तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, खरसिया पुलिस के अफसर व जवान मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू किया। प्रत्यक्षदर्शी नहीं होने के कारण स्पष्ट रूप से यह पता नहीं चल सका है कि हादसा किसी भारी वाहन से टकराने से हुआ या बाइक सवार बेकाबू होकर गिरे। पुलिस आसपास के फुटेज खंगाल रही है। मृतकों के शरीर पर गाड़ी से रौंदे जाने जैसे निशान नहीं हैं, इसलिए पुलिस को अनुमान है कि हादसा बाइक के बेकाबू होने से हुआ होगा।

## रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 50 गुंडे बदमाशों को पकड़ा

**रायपुर (ए)।** प्रदेश की राजधानी में बढ़ते अपराध के ग्राफको कम करने रायपुर पुलिस ने अब कमर कस ली है। पुलिस ने गुरूवार सुबह छापेमार कार्रवाई करते हुए 50 से ज्यादा गुंडे बदमाशों को पकड़ा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में डीएसपी-टीआई और क्राइम की टीम सहित 100 से ज्यादा पुलिस कर्मी शामिल है।

दरअसल, राजधानी में पिछले कुछ दिनों से क्राइम की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। इन घटनाओं में सबसे ज्यादा चाकू बाजी और आर्म्स एक्ट की घटनाएं शामिल है। बढ़ते अपराधों के मद्देनजर रायपुर पुलिस आज सुबह छह बजे से पुरानी बस्ती, सिविल लाइन, आज़ाद चौक, विधानसभा, उरला सहित कोतवाली के सब डिवीजन थानों में ये कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने चाकू रखने वाले, निगरानी बदमाश, चौक चौराहे, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और मोहल्ले में छापेमारी की। हर थाने का स्टाफ और अफसर सड़क पर उतरा। निगरानी बदमाशों की सूची अफसरों के हाथ में थी। घरों में छापे में मारे गए। इस दौरान जो सामने आया उसे पकड़ लिया



गया। घर में गायब बदमाशों को तुरंत थाने पहुंचने का फरमान भेजा गया। कार्रवाई में करीब 40 लोगों को पकड़ा गया। साथ ही कई आरोपियों के घरों से चाकू और नशे का सामान भी जब्त किया गया। छापेमार कार्रवाई में 2 एडिशनल एसपी, 8 डीएसपी, 20 टीआई, 70 कॉन्स्टेबल सहित एसीसीयू की पूरी टीम शामिल है। रायपुर पुलिस ने बुधवार को आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 137 अपराधियों को पकड़ा था। रायपुर पुलिस का यह विशेष अभियान कार्यवाही लगातार रहेगा जारी।

## 20 बकरियों की चोरी सूमो कार में पहुंचे थे चोर



**बालोद (ए)।** ग्राम तमोरा में कार से 20 बकरियों की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर सूमो कार से पहुंचे थे। पशुपालकों ने दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस मामले में बालोद थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एक सप्ताह के अंदर बकरी चोरी का यह दूसरा मामला है। इसके पहले ग्राम पारागांव (उमरादाह) में 11 जनवरी की रात 11 बकरियों की चोरी हुई थी।

इस तरह दो स्थानों से 31 बकरियों की चोरी हो गई है। बहरहाल एफआईआर दर्ज कर पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है। आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ग्राम तमोरा निवासी बलराम यादव ने बताया कि 55 बकरी व बकरा को कोठा में लाकर रखे थे। देर रात पड़ोसी ननकू राम निषाद ने बताया कि बकरियों को चोर ले जा रहा है। जिसके बाद तत्काल बड़े भाई बाल चरण, छोटे भाई नरेश यादव एवं परिवार के सदस्य उठे।

## 17 साल के नाबालिग छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** जिले के बालको थाना अंतर्गत ग्राम रूमगड़ा में 17 साल के एक नाबालिग छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने ये आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में परिवार भी ठीक से कुछ नहीं बता पा रहा है। हालांकि उन्होंने छात्र के पढ़ाई में कमजोर होने की बात कही है। नाबालिग की मां ने ये भी कहा कि बेटा सागर नई बाइक लेने की बात भी लगातार कह रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम रूमगड़ा के शिवनगर में सुनीता कंवर अपने बेटे सागर और बेटी के साथ रहती है। पति की मौत के बाद सुनीता बालको संयंत्र में काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रही है। बुधवार को रोजाना की तरह वो ड्यूटी के लिए बालको गई हुई थी। घर में बेटा सागर अकेला था। दोपहर 12 बजे बेटे ने मां को फोन किया और किसी काम से कोरबा जाने की बात बताई। जब मां शाम में ड्यूटी से वापस लौटने वाली थी, तो उसने बेटे को फोन लगाकर ये जानने की कोशिश की, कि क्या वो कोरबा से वापस लौट आया है, लेकिन सागर ने फोन नहीं उठाया। बार-बार फोन लगाने पर भी जब छात्र ने फोन नहीं उठाया, तो मां को चिंता हुई। उसने घर के पास रहने वाली एक रिश्तेदार से घर जाकर देखने के लिए कहा। रिश्तेदार जब उनके घर पहुंची, तो कमरा अंदर से बंद मिला। तब उसने सुनीता को ये बात बताई। मां सुनीता और बाकी परिजन जानकारी मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद मिलने पर उन्होंने खिड़की खोलकर कमरे के



अंदर देखा, तो सागर फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। ये देखकर मां बदहवास हो गई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर बालको पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया और लाश को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पूछताछ में मां ने बताया कि सागर का मन पढ़ने-लिखने में नहीं लगता था। कई बार वो स्कूल जाने का कहकर निकलता था, लेकिन वहां पहुंचता नहीं था। वो 11वीं कक्षा का छात्र था और उसकी लगातार शिकायत स्कूल से आ रही थी। वो स्कूल जाने के बजाय इधर-उधर घूमता रहता था और किसी तरह समय काट दिया करता था। मां के समझाने पर भी वो बात नहीं सुन रहा था। उसके पास एक पुरानी बाइक थी और अब वो नई बाइक खरीदने की भी जिद कर रहा था।

पीड़ित मां ने कहा कि फिर भी उसे आत्महत्या की सही वजहों की जानकारी नहीं है। वो केवल अंदाजा लगा सकती है कि शायद इन्हीं वजहों से उसके बेटे ने आत्महत्या की होगी। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है और मृतक के दोस्तों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर खुदकुशी की वजहों को जानने की कोशिश की जाएगी।

## युवक ने महिला के पति और बच्चे की हत्या करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में शादीशुदा महिला और दो बच्चों की मां से रेप करने के आरोपी को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार किया है। बदमाश युवक का महिला के मोहल्ले में आना-जाना था। इस दौरान पड़ोसी महिला को देखकर उसकी नीयत बिगड़ गई। उसने महिला को उसके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार सिरगिट्टी क्षेत्र में रहने वाली युवती की शादी साल 2014 में तोरवा क्षेत्र में रहने वाले युवक से हुई है। उनके दो बच्चे भी हैं। दुर्ग जिले के सुपेला के कृष्णा नगर निवासी सागर भारती (25) तोरवा में अपने रिश्तेदार के घर आता था। तभी उनकी पहचान महिला और उसके पति से भी हुई। सागर भारती उनके बच्चों को खिलाने के बहाने उनके घर आना-जाना करने लगा। तभी महिला पर उसकी नीयत बिगड़ गई।

महिला ने पुलिस को बताया कि



आरोपी युवक ने 2020 में उसके पति और बच्चों की हत्या करने की धमकी दी थी और उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद से वह कई बार शारीरिक संबंध बनाते रहा। महिला डर के कारण इस घटना की जानकारी अपने पति को नहीं दी थी। वह युवक की हरकतों से तंग आ गई थी। किसी तरह हिम्मत जुटाकर उसने अपने पति के माध्यम से पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्ग के सुपेला में दबिश देकर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

### मोबाइल से कॉल कर करता था परेशान

महिला से पहचान होने के बाद युवक ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह मोबाइल पर कॉल करके महिला को परेशान करने लगा था। उसकी हरकतों को देखकर महिला ने 2020 में उसे मिलने के लिए बुलाया। बिलासपुर आने पर युवक के घर जाकर महिला उसे समझाइश दे रही थी। तभी उसे अकेली पाकर युवक ने उसके दोनों बच्चों व पति को जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया।

### पुलिस की बड़ी लापरवाही आई सामने

महिला संबंधी अपराध को संवेदनशील माना जाता है। ऐसे केस में पीड़िता की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया है। लिहाजा, पुलिस ऐसे मामलों में कभी पीड़िता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं करती। लेकिन, बुधवार को जारी प्रेस रिलीज में तोरवा पुलिस ने पीड़िता महिला की पहचान उजागर कर दी।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# छत्तीसगढ़ में भगवान राम और रामायण के प्रति श्रद्धा अगाध है - ताम्रध्वज साहू

## रामायण मंडली प्रोत्साहन योजनाः ग्राम पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक किया जा रहा है आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। ग्राम हनोदा में चल रहा है जनपद स्तरीय मानसगान प्रतियोगिता के दूसरे दिन 24 प्रतिभागी मंडली ने प्रस्तुति दी। आयोजन के दूसरे दिन प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान राम और रामायण के प्रति श्रद्धा अगाध है। उसी प्रकार मानस गायन की भी पुरातन और विशिष्ट परंपरा है। हमारे यहां जैसी रामायण गायन का आयोजन पूरे देश में कहीं नहीं होता है।



राज्य सरकार द्वारा इसकी प्रतियोगिता कराने एवं नकद पुरस्कार देने की व्यवस्था की गई है जिससे इस परंपरा को प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। हमारी संस्कृति के हरेली, तीजा, पोरा त्यौहारों के शासकीय स्तर पर आयोजन की शुरूआत, रामवन गमन पर्यटन परिपथ के विकास की परियोजना, माता कौशल्या मंदिर सहित छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा, हरेली, हरितालिका तीज, छेरछेरा पुन्नी-शाकाम्भरी जयंती, कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस और छठपूजा पर सार्वजनिक छुट्टी दी है। रामायण हमें जीवन जीने का सही मार्ग समझाती है शलानी यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा श्री रामचंद्र जी व माता कौशल्या का छत्तीसगढ़ से संबंध व उनके आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शलानी रिवेंन्द्र यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,जनपद सदस्य बुध्वंतिन मधुरकर,जनपद सदस्य अजय वैष्णव,रिवेंद्र यादव,रोहित साहू,दिलीप साहू,गोवर्धन बारले,सरपँच तेजराम चंदेल, उपसरपंच प्रवीण चन्द्राकर,विकास चन्द्राकर, हीरालाल चन्द्राकर, पंचराम कुंभकार,छेरकु राम देवांगन,हिमांशु साहू,गौकरण टण्डन,लेखराम सांडिल, देवीप्रसाद साहू,मोहल लाल साहू,शुशील साहू, दौलत राम साहू,डोमन चन्द्राकर, जमवनतींन,सरोजनी टण्डन,सुनेति चन्द्राकर, देवलाल ठाकुर रामखिलावन खुटेल,हेम बाई ,सरस्वती चन्द्राकर,जनपद पंचायत के वरिष्ट लेखा परीक्षण अधिकारी देवी सिंह धुर्वे, विकास विस्तार अधिकारी अशोक साव,सहायक लेखा अधिकारी नागदेवे ,चैनसिंह साहू,विमल डहरिया,तामेश्वर चन्द्राकर, बिरेन्द्र साहू ,संजय मस्की,रुचि वर्मा,रश्मि चोहँ सहित आसपास के सरपंच गण व दर्शक दीर्घा के रूप में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।मंच संचालन खिलेन्द्र कुमार यादव ने किया।

## खास - खबर

### बीएसपी के द्वारा मरोदा बस्ती, भिलाई में शीशल शिल्प प्रशिक्षण का शुभारंभ

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संयंत्र एवं संयंत्र की खदानों के परिधीय ग्रामों में अनेक प्रकार के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में नारी सशक्तीकरण के मद्देनजर मरोदा बस्ती, भिलाई, जिला दुर्ग में शीशल शिल्प का त्रैमासिक प्रशिक्षण शिविर आज 18 जनवरी 2023 को शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र की मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) सुश्री निशा सोनी उपस्थित थी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) सुश्री निशा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हस्त शिल्प निर्मित उत्पादों की मांग पूरे देश में निरंतर बढ़ती जा रही है। यह षिल्प लोगों को बेहद पसंद आ रही है। इस प्रकार के शिल्प प्रशिक्षण के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर एवं अच्छी आय अर्जित करने में सक्षम होगी। इस प्रकार का प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभायेगा। साथ ही अपने पैरों में खड़ा होने के लिए प्रेरित करेगा। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के महाप्रबंधक शिवराजन ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को कार्य में गुणवत्ता लाने के साथ ही घर पर ही रोजगार का सृजन कर एक अतिरिक्त आय अर्जित करने के योग्य बनायेगा।

### सेक्टर-4 सोसाइटी की प्रगति में रिटायर कर्मियों का अमूल्य योगदान : परगनिहा

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कर्मियों की सहकारी संस्था बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर माह दिसंबर 2022 में सेवानिवृत्त 16 सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी में हुए एक कार्यक्रम में 1986 से 2001 के बीच बीएसपी की सेवा से जुड़े इन कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर दी गई। इन रिटायर कर्मियों में स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से नीलकंठ ध्रुव, अशोक कुमार साहू,कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से एन वी एस कुमार, लल्लन सिंह, सिंटर प्लांट-3 से दिलीप कुमार शर्मा, बार एंड रॉड मिल से मिलिंद कुमार, प्लेट मिल से आशीष कुमार नाग, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस-3 से रमाकांत पेठे, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-मार्स 1 से दुखहरण लाल देशमुख, रामजी सलामे, मर्चेंट मिल से के. श्रीनिवास मुरली गगारिन, प्लेट मिल से शांतो प्रसाद, फाउंड्री एंड पैटर्न शॉप से सरकार किराणांशु, सीआरएम मेकेनिकल से अशोक कुमार राउत, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से रिखीदास साहू और ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से गणेश राम शामिल है। समारोह में रिटायर सदस्यों की दीर्घ सेवा का सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि अब सेवानिवृत्त हो चुके इन कर्मियों ने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ भिलाई स्टील प्लांट और हमारी सोसाइटी को दिया है। सोसायटी की प्रगति में इन सदस्यों का अमूल्य योगदान रहा है।

## भिलाई में निर्माणाधीन बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन की होगी जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन की जांच की जाएगी तथा भवन अनुज्ञा लिया गया है या नहीं लिया गया है अगर लिया गया है तो अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण हो रहा है कि नहीं इसकी भी अधिकारी फील्ड में निरीक्षण कर जांच करेंगे। आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को समीक्षा बैठक में इसके लिए निर्देश दिए हैं। मलबा बिखेरकर रखने वाले लोगों पर भी नजर रखा जाएगा तथा विध्वंस के बाद मलबे को इधर-उधर फेंकने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा की और गौठान में बटेर पालन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। गौठान में मिलेट्स को बढ़ावा देते हुए इससे फूड प्रोडक्ट तैयार करने प्लानिंग की जाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के तहत लग रहे स्वास्थ्य शिविर से अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने उन्होंने अधिकारियों को कहा,




जोन आयुक्त इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करेंगे। भिलाई के मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने उन्होंने अलग-अलग मार्केट क्षेत्रों का चयन करने जोन आयुक्त को कहा है। मार्केट की सूची अनुरूप इस पर उन्होंने सर्वे करने के भी निर्देश दिए है। आयुक्त ने सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि एवं अन्य मदो के तहत प्राप्त राशि के कार्यों की समीक्षा की तथा अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने, प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने स्लो प्रोग्रेस पर नाराजगी भी जाहिर की तथा अति शीघ्र कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, अवैध निर्माण तथा अवैध प्लाटिंग जैसे कार्यों पर निरंतर कार्यवाही हो।

### बाबूजी स्मृति ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक ने किया शुभारंभ, कहा-

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए खेल भावना आवश्यक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** देश के अग्रिम पंक्ति में शुमार एवं अपने व्यवहार से विपक्षी दलों से भी सम्मान अर्जित करने वाले दिग्गज कांग्रेसी श्री मोतीलाल वोरा बाबूजी की स्मृति में मैराथन क्रिकेट प्रतियोगिता के लगातार द्वितीय वर्ष आयोजन का उनके सुपुत्र एवं वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने शुभारंभ कराया। जेआरडी स्कूल मैदान में पिछले वर्ष से इस प्रतियोगिता की शुरुवात की गई थी।

इस अवसर पर वोरा ने युवाओं को बाबूजी की कर्मठता से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि अपने अपने कर्म क्षेत्र में समर्पण एवं साथियों के साथ समन्वय की टीम भावना लेकर चलने पर निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। जिस तरह से बाबूजी ने वार्ड



स्तर पर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुवात कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष तक पहुंचे एवं विभिन्न पदों पर देश एवं समाज को सेवाएं प्रदान की ठीक वैसे ही आज इस वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भी भाग ले रही 48 टीमों में से खेल प्रतिभाएं मुखर होकर निकलेंगी एवं आने वाले समय मे दुर्ग को गौरवांवित करने की दिशा में अपने कर्म क्षेत्र में नजर आएंगी। उन्होंने बैडमिंटन खिलाड़ी एवं दुर्ग की बेटी आकर्षि कश्यप का उदाहरण देते हुए कहा कि दुर्ग शहर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जिसका प्रमाण समय समय पर देखने को मिलता है।

हॉकी , बैडमिंटन, क्रिकेट, नेटबाल या कोई भी अन्य खेल हो छत्तीसगढ़ सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने एवं की प्रेरणा देते हुए कहा कि हार जीत होती रहती है किंतु एक खिलाड़ी हमेशा उभर कर आता है।

वोरा ने बल्ला थाम कर बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने लगातार द्वितीय वर्ष किए जा रहे आयोजन हेतु समिति को बधाई दी। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, समिति से अध्यक्ष चेतन निर्मलकर, सागर परिहार, साजिद अंसारी, निल वर्मा, मनीष राजपूत, जुगेन निर्मलकर, प्रेम चिपेकर, कुंजेस साहू वसीम अकरम डॉ मोनू साहू गुलशन सिन्हा दीपक बारले कुलदीप दुबे नमन वर्मा मौजूद थे।

### कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

## आदर्श मार्केट के रूप में डेवलप करने आकाश गंगा क्षेत्र से होगी शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मार्केट क्षेत्रों को एक आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर से शुरुआत की जाएगी।

कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विभिन्न मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। नेहरू नगर चौक में चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। भिलाई निगम ने कलेक्टर के निर्देश पर नेहरू नगर चौक



से केपीएस जाने वाले रोड पर पहला वेंडिंग जोन तैयार किया है। अब नेहरू नगर चौक के समीप अमन ढाबा से लगे हुए स्थान पर चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा, कलेक्टर ने इसकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके लिए अधिकारी सर्वे कर शीघ्र ही इस पर कार्य आरंभ करेंगे। कलेक्टर एवं आयुक्त ने नेहरू नगर बुनियाद कांप्लेक्स से लेकर नेहरू नगर व्यवसायिक परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चेंबर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारी भी मौजूद थे। निगम और चेंबर ऑफकॉमर्स मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट बनाने के लिए अभियान चलाएंगे। शीघ्र ही आकाश गंगा से इसकी शुरुआत हो जाएगी। आदर्श मार्केट बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चयन, स्ट्रीट लाइट का संधारण एवं लाइट लगाने का कार्य, शौचालय मरम्मत एवं संधारण का कार्य, आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान, दुकानों में डस्टबिन तथा गमले रखने का अभियान, स्वच्छता के लिए विशेष अभियान, अतिक्रमण हटाने का अभियान आदि शामिल है। कलेक्टर के निरीक्षण के बाद शीघ्र ही यह अभियान भिलाई में प्रारंभ हो जाएगा।

### आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कसारीडीह रोड से महाराजा चौक तक हुए अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज वार्ड 42 एवं वार्ड 43 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर शहर में साफसफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निगम आयुक्त ने आज प्रातः 7:00 बजे अपने नियमित भ्रमण के दौरान अचानक वार्ड 42 कसारीडीह क्षेत्र होते हुए आजाद चौक से कन्हैयापुरी वार्ड क्रमांक 34 क्षेत्र सहगल ऑटो से लेकर महाराजा चौक तक का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारो को प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग नही करने की समझाइस दी गई। निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर सड़क पर रखकर व्यवसाय करने वालो को जुर्माना के निर्देश अधिकारियो को दिए। कसारीडीह से लेकर महाराजा चौक तक अतिक्रमण हटवाने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा मुनादी भी चलवाए जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आयुक्त ने दुकानदारो को दुकान के सामानों को दुकान के दायरे में रखकर व्यवसाय करने हिदायत दी। कसारीडीह स्थित के नाला एवं नालियो सहित साफसफाई व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर साफसफाई व्यवस्था भी बेहतर करने निर्देश आयुक्त ने मौके पर दिए।

# भव्य मंडई मेला का आयोजन 24 से 26 जनवरी को ग्राम कुरुद में

## राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय करेंगी मंडई मेले का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव भव्य मंडई मेला का आयोजन आगामी 24 से 26 जनवरी 2023 तीन दिवसीय मेले का आयोजन कुरूद में जय ज्योति पंथी कला समिति के बैनरतले किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय इस मंडई मेले का उद्घाटन भी करेंगी। पत्रवार्ता में प्रो. व भाजपा नेत्री स्वाती साहू अंर्तराष्ट्रीय लोक कलाकार मोहन चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी समिति पिछले 12 वर्षों से छग की लोककला को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है।



अनेको वर्षों से हम छग के संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यों को करते आए है। इसी कड़ी में वार्ड 21 व 22 कुरूद में भव्य मंडई मेले का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें 15 से अधिक स्टाल के अलावा दो छत्तीसगढ़ी व्यजनों को स्टाल व झूले इत्यादी लगाए जा रहे है। मेले प्रतिनिधि 3 से रात 10 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत में चौका आरती, राउत नाचा, बासगीत, दरिया, संम्बलपुरी नृत्य फाग एण्ड झुमर, लम्बाडी नृत्य, गरबा नृत्य, सुवा नृत्य, पंडवानी के अलावा छग के भी कार्यक्रम की प्रस्तुती होगी। 6 राज्यों के अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय कलाकार जिनके संख्या 90 के लगभग है वह मप्र असम गुजरात आंध्रप्रदेश उड़ीसा हरियाणा के अलावा छत्तीसगढ़ के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। बाहर से आने वाले कलाकार अपने अपने राज्यों की कला को यहां परोसेगे। और दर्शकों का मन मोहेगें। कुरूद के रहने वाले मोहन दास चतुर्वेदी जो अंर्तराष्ट्रीय कलाकार है। जिन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के शपथग्रहण कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुती दी है।

उन्हें स्व. देवदास बंजारे व भीम राव अंम्बेडकर पुरूस्कार से भी नवाजा जा चुका है। वह गोल्डमेडलिस्ट भी है। उनके सहयोग व मार्गदर्शन में इस मंडई मेले का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन से भी इस मंडई मेले के सहयोग के लिए पत्राचार किया गया है। वार्ड 21 और 22 की पार्षद नेहा साहू, अनिता अजय साहू का भी हमारे इस मंडई मेले को भरपुर सहयोग मिल रहा है।

पत्रकारवार्त में उपस्थित लोगों में पूनम शुक्ला, नरेन्द्र निषाद, कैलाश चतुर्वेदी, संजय गायकवाड़, हरीश साहू, राजेश देशलहरा, बलराम साहू, अजय साहू, श्री निर्मलकर का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्पवूर्ण योगदान है।

## सुश्री श्रीश्वरी देवी (वृंदावन वासिनी) का प्रवचन 20 से आईटीआई पावर हाउस ग्राण्ड में शुरू होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। जगतगुरु कृपालु सत्संग कल्याण समिति भिलाई एवं श्यामा श्याम सत्संग द्वारा वृंदावन वासिनी सुश्री श्रीश्वरी देवी के मुखारविंद से दार्शनिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन का आयोजन 20 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक आईटीआई ग्राउंड जीई रोड पावरहाउस भिलाई में किया जा रहा है। इस अवधि में प्रत्येक दिन शाम 6 से रात 8.30 बजे तक मधुर संकीर्तन के बीच जगतगुरु कृपालु जी महाराज की परम शिष्या सुश्री श्रीश्वरी देवी जी वेद, गीता, रामायण, भागवत ही नहीं अन्यान्य धर्मग्रंथों के प्रमाणों से युक्त दार्शनिक प्रवचन देंगी।

दार्शनिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन आयोजन समिति के भरत विशनानी ने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि वेद, गीता, रामायण और भागवत इत्यादि समस्त धर्मग्रंथों में अनेक परस्पर विरोधी गुढ़ तात्विक सिद्धांतों का समन्वय रहता है। जिससे समस्त सांसारिक कार्यों को करते हुए इस घोर



कालिकाल में सरलता से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। जगतगुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका वृंदावन वासिनी सुश्री श्रीश्वरी देवी इन्हीं विषयों पर अपने दिव्य सत्संग का सौभाग्य प्रदान करने भिलाई पहुंच रही हैं। उनके दार्शनिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन आईटीआई ग्राउंड जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 20 जनवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी तक अनवरत चलेगा।

उन्होंने बताया कि प्रवचन का प्रमुख विषय मानव देह का महत्व क्या है ? जीव का परम-चरम लक्ष्य क्या है ? जीव का परम-चरम लक्ष्य कैसे प्राप्त होगा ? ईश्वर का स्वरूप क्या है ?क्या हम ईश्वर को देख, जान, सोच-समझ एवं प्राप्त कर सकते है ? भगवत्कृपा किसे कहते है ? वह किस पर होती है ? अभी तक हमें ईश्वर प्राप्ति क्यों नही हुई ?भगवत् शरणागति का रहस्य क्या है ? संसार का वास्तविक स्वरूप क्या है ? वैराग्य किसे कहते है ? संसार से वैराग्य कैसे होगा ? गुरू या महापुरूष किसे कहते है ? क्या गुरु के बिना ईश्वर प्राप्ति संभव है ? महापुरूषों के धर्म विरूद्ध आचरणों का रहस्य क्या है ? ईश्वर प्राप्ति के कौन-कौन से मार्ग है ? क्या कर्म-धर्म से ईश्वर प्राप्ति संभव है ? क्या ज्ञान के द्वारा ईश्वर प्राप्ति संभव है ? क्या भक्ति भगवान से मिल सकती है ? भक्ति तत्व का क्या रहस्य है ? भगवान का ध्यान कैसे करें ? गृहस्थ में रहते हुये भगवान की प्राप्ति का सर्वसाध्य सुगम एवं सरलतम उपाय क्या है ? इन विषयों पर सुश्री श्रीश्वरी देवी द्वारा दार्शनिक प्रवचन होगा। पत्रकार वार्ता में सेवानिवृत्त शिक्षक डी. एस. मढ़रिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950